कोटद्वार, गुरूवार
10 जुलाई 2025
वर्षः 47
अंकः 72 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### बीकेटीसी बोर्ड में 127 करोड़ का बजट मंजूर

देहरादून। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति की बुधवार को हुई बोर्ड बैठक में 127 करोड़ का बजट मंजूर किया गया। इसके साथ ही बोर्ड बैठक में केदारनाथ हेली हादसे के साथ ही अन्य दुर्घटनाओं पर शोक जताया गया। कैनाल रोड स्थित बीकेटीसी कार्यालय में हुई बैठक की शुरुआत श्री बदरी विशाल और श्री केदारनाथ की आरती के साथ हुई। बैठक में मंदिर समिति के वर्ष 2025–26 के लिए 1270999070 रुपये बजट का प्रावधान किया गया है। श्री बदरीनाथ धाम के लिए 642227070 रुपए और श्री केदारनाथ धाम के लिए 628770000 रुपये बजट का प्रावधान किया गया। श्री केदारनाथ धाम के लिए 409337000 रुपए का व्यय दिखाया गया। बदरीनाथ धाम के लिए 568683320 का व्यय दिखाया गया। अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि मंदिर समिति की ओर से धामों की व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा में इजाफा किया जाएगा। बैठक में केदारनाथ हेली सेवा दुर्घटना में दिवंगत हुए मंदिर समिति कर्मचारी विक्रम रावत समेत यात्राकाल के दौरान दुर्घटनाओं में दिवंगत हुए तीर्थयात्रियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, उपाध्यक्ष विजय कपरुवाण, सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, महेंद्र शर्मा, धीरज पंचभैया मोनू, देवी प्रसाद देवली, राजपाल जड़धारी, प्रह्लाद पुष्पवान, डा. विनीत पोस्ती, राजेंद्र प्रसाद डिमरी, नीलम पुरी, दिनेश डोभाल आदि मौजूद रहे।

### दून में चार डेंगू, तीन कोरोना के मरीज मिले

देहरादून। दून में बुधवार को चार डेंगू एवं तीन कोरोना के नए मरीज मिले हैं। सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि डेंगू के मरीज दून अस्पताल, एएमआई और एचआईएचटी में मिले हैं। सभी की हालत सामान्य है। अब तक डेंगू के 168 मरीज सामने आए हैं। इनमें से अधिकांश ठीक हो गए हैं। उधर, कोरोना के तीन नए मामले निजी लैब एवं कोरोनेशन अस्पताल में मिले हैं। अब तक कोरोना के 94 मामले सामने आए हैं। इनमें से पांच एक्टिव है, जिनमें महज एक भर्ती है। कहा कि डेंगू एवं कोरोना के लिए लगातार अभियान चल रहा है।

### मसूरी में बांज का भारी भरकम पेड़ सड़क पर गिरने से मार्ग बाधित

देहरादून। मसूरी–धनोल्टी मार्ग पर टिहरी बस स्टैंड के पास बुधवार सुबह बांज का भारी भरकम पेड़ गिर गया। इससे यातायात बाधित रहा। पेड़ के नीचे कार और बाइक दब गई। लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। खासतौर पर सुबह के वक्त स्कूली बच्चे यहां से आगे नहीं निकल पाए। टूटा पेड़ इतना बड़ा था कि सड़क से पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जिस से पेड़ सड़क पर गिरा उससे चंद सेंकंड पहले एक और और बाइक यहां से गुजरे, जो बाल–बाल बचे। पेड़ गिरने की सूचना पर वन विभाग, पुलिस और फायर सर्विस के जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर पेड़ को काटा और इससे सड़क से हटाने का काम किया, तब जाकर यहां वाहनों की आवाजाही शुरू हो पाई। वन दरोगा अभिषेक सजवाण ने कहा कि गनीमत रही कि पेड़ टूटते वक्त कोई इसकी चपेट में नहीं आया। एक कार और एक दुपहिया को ही नुकसान पहुंचा है। यह पेड़ वुड स्टॉक स्कूल की निजी भूमि पर था। वन विभाग ने स्कूल को ऐसे पेड़ों को चिन्हित कर अवगत कराने के लिए कहा है ताकि दुर्घटना से पहले ही इस तरह के पेड़ों को हटाया जा सके।

### हाईवे पर बढ़ने लगी कांवड़ियों की भीड़, पुलिस–प्रशासन अलर्ट

रुड़की। हाईवे पर शिव घोष के साथ ही कांवड़ियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होना शुरु हो गई है। कांवड़ यात्रा के दौरान हाईवे पर वाहनों की भीड़ बढ़ने पर कांवड़ियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन ने रूट डायवर्जन करने का प्लान तैयार कर लिया है। रूट डायवर्जन वाले स्थान पर पुलिस ने अपने तंबू लगा दिए हैं। हाईवे पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ने पर रूट डायवर्ट कर दिया जाएगा।

## जिनके पास कुछ नहीं, उनके पास संविधान की गारंटी-मोदी



नई दिल्ली , पीएम मोदी दक्षिण अमेरिकी देश ब्राजील के चार दिवसीय सफल दौरे के बाद अफ्रीकी देश नामीबिया पहुंचें हैं। नामीबिया पहुंचने पर पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय से मुलाकात की। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी नामीबिया की संसद को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम न केवल अपने अतीत के संबंधों को महत्व देते हैं, बल्कि अपने साझा भविष्य की संभावनाओं को साकार करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम नामीबिया के विजन 2030 पर मिलकर काम करने को बहुत महत्व देते हैं। हमारी साझेदारी के केंद्र में हमारे लोग हैं। भारत में छात्रवृत्ति और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों से 1700 से ज़्यादा नामीबियाई लाभान्वित हुए हैं।

इस दौरान उन्होंने नामीबिया को 2027 क्रिकेट विश्व कप की सह–मेजबानी के लिए बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि 2027 क्रिकेट विश्व कप की सह–मेजबानी में नामीबिया अपार सफलता हासिल करे ऐसी मेरी कामना है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आपके ईगल्स (नामीबिया की पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का उपनाम) को क्रिकेट से जुड़ी किसी भी जानकारी की ज़रूरत हो, तो आप जानते हैं कि किसे कॉल करना है।

उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि आइए हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण करें जो शक्ति से नहीं, बल्कि साझेदारी से परिभाषित हो। प्रभुत्व से नहीं, बल्कि संवाद से। बहिष्कार से नहीं, बल्कि समता से। यह हमारे साझा दृष्टिकोण की भावना होगी...हमारे बच्चों को न केवल वह स्वतंत्रता विरासत में मिले जिसके लिए हमने संघर्ष किया, बल्कि वह भविष्य भी मिले जिसे हम मिलकर बनाएंगे।

## स्योली–पैठाणी मार्ग पर खाई में गिरी स्कूटी, महिला की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिले में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। आये दिन सड़क दुर्घटना के मामले प्रकाश में आ रहे है। बुधवार को थलीसैंण के स्योली-पैठाणी मोटर मार्ग पर एक स्कूटी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि बेटा सुरक्षित है।

बुधवार को स्योली तल्ली निवासी यशपाल सिंह अपनी मां देवेश्वरी देवी को स्कूटी में बैठाकर पैठाणी किसी कार्य से जा रहा था। इसी दौरान स्योली बाजार के कुछ दूरी पर ही स्कूटी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू अभियान चलाया। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पैठाणी भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अंकित धीमान ने बताया कि हादसे में देवेश्वरी देवी पर बाहरी चोटें नहीं थी। लेकिन उनकी हादसे के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई है। जबकि यशपाल सिंह पर मामूली चोटे आई हैं।

## सरकार वरिष्ठ नागरिकों को गरिमा और संरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : धामी

### वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे जिलाधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों को गरिमा और संरक्षण प्रदान करने के लिए प्रति प्रतिबद्ध है, इसी क्रम में जिलाधिकारियों को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय अपीलीय अधिकरण का पीठासीन अधिकारी बनाते हुए, उन्हें संबंधित शिकायतों का निस्तारण करने को कहा गया है।



पुष्कर सिंह धामी ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए लागू 'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 को प्रभावी ढंग से अमल में लाया जाए। यह अधिनियम वरिष्ठ नागरिकों एवं माता-पिता को उनके बच्चों, बालिक पोते-पोतियों अथवा संपत्ति के उत्तराधिकारियों से भरण-पोषण की वैधानिक व्यवस्था प्रदान करता है। इस कानून को अमल में लाने के लिए राज्य में जिला स्तर पर कुल 13 अपीलीय भरण-पोषण अधिकरण एवं सब डिवीजन स्तर पर 69 से अधिक भरण-पोषण अधिकरण कार्यरत हैं। जहां भरण-पोषण की राशि अधिकतम 10,000 रूपये प्रति माह निधारित की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तरीय अपीलीय अधिकरण के पीठासीन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट हैं, इसलिए उन पर इस कानून को सख्ती से अमल में लाते हुए, वरिष्ठ नागरिकों को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी है। साथ ही तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी भरण पोषण संबंधित अधिकरण के पीठासीन अधिकारी और जिला समाज कल्याण अधिकारी पदेन भरण-पोषण अधिकारी के रूप में जिम्मेदार बनाए गए हैं।

**संपत्ति हस्तांतरण में सुरक्षा प्रावधान**

कानून के तहत यदि कोई वरिष्ठ नागरिक देखभाल की शर्त पर संपत्ति हस्तांतरित करता है, लेकिन इसके बाद तय शर्तें पूरी नहीं होतीं, तो अधिकरण उस हस्तांतरण को अमान्य घोषित करते हुए, संपत्ति की वापसी सुनिश्चित कर सकता है।

**वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाएं**

बागेश्वर, चमोली एवं उत्तरकाशी जिलों में निःशुल्क वृद्ध एवं निशक्तजन आवास गृह संचालित किए जा रहे हैं। जहां कई जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिक निवासरत हैं। राज्य में वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद का गठन करते हुए रामचंद्र गौड़ को अध्यक्ष, तथा श्रीमती शांति मेहरा, नवीन वर्मा और हरक सिंह नेगी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार अपने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वरिष्ठ नागरिकों से विनम्र अपील है कि यदि आप जीवन-यापन हेतु उपेक्षित महसूस करते हैं, तो अविलंब अपने नजदीकी भरण-पोषण अधिकरण अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी से संपर्क करें।

## पोलिंग पार्टियां रात में नहीं करेंगी मूवमेंट, हेलीकॉप्टर भी रहेंगे मुस्तैद

देहरादून। हरिद्वार को छोड़ राज्य के शेष 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न कराने में वर्षाकाल बाधक न बने, इसके लिए कसरत शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में तय किया गया है कि पोलिंग पार्टियां रात में मूवमेंट नहीं करेंगी। इसके अलावा आपदा की स्थिति में दोनों मंडलों में मदद के लिए एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की तैनाती की जाएगी। जरूरत पड़ने पर पिथौरागढ़ और सहस्त्रधारा (देहरादून) में एक–एक हेलीकॉप्टर भी मुस्तैद रहेंगे। इनके उपयोग के लिए आपदा प्रबंधन विभाग का सहयोग लिया जाएगा।



पंचायत चुनाव के दृष्टिगत जिलों में तैयार की गई आपदा प्रबंधन योजना को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारियों के साथ हुई बैठक में इन बिंदुओं पर सहमति बनी। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने जिलों में निर्वाचन की तैयारी, कानून व्यवस्था और विशेषकर आपदा प्रबंधन योजना के संबंध में जिलाधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। बैठक के बाद राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि ये तय किया गया है कि सभी पोलिंग पार्टियां दिन में ही मूवमेंट करेंगी।

इसके लिए तब की परिस्थितियों के हिसाब से पोलिंग पार्टियों की रवानगी की जाएगी। यदि कहीं मतदान में देर तक होता है तो संबंधित पोलिंग पार्टियां रात में मतदान केंद्र में ही रहेंगी और अगले दिन लौटेंगी। उन्होंने बताया कि लोनिवि और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सड़कों को खुला रखने के लिए व्यापक प्रबंध रखे जाएं। यह भी तय हुआ है कि पंचायत चुनाव के दृष्टिगत सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलर्ट मोड में रहेंगे। वहां डाक्टर, स्टाफ व दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाएगी। साथ ही एंबुलेंस को तैयार रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आपदा से बचाव के दृष्टिगत पूरे संसाधन लगाए जाएं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वह एक–दो दिन में मुख्य सचिव और आपदा प्रबंधन सचिव से भी वार्ता करेंगे।

## सीडीएस अनिल चौहान ने दी बड़ी चेतावनी

नई दिल्ली , भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की बढ़ती करीबीयों को लेकर बड़ा बयान जारी किया है। ष्टष्ठस् अनिल चौहान ने कहा कि इन देशों का अपने हितों को लेकर एक–दूसरे के प्रति झुकाव से भारत की स्थिरता और सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव देखने को मिल सकता है।

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने एक थिंक टैंक को संबोधित करते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 से 10 मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि शायद यह पहली बार हुआ है जब दो परमाणु हथियार से संपन्न देश सीधे तौर पर संघर्ष में शामिल हुए हैं। उन्होंने पाकिस्तान और चीन के गठजोड़ और भारत के प्रति समान हित का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने बीते 5 साल में अपने 70 से 80 फीसदी हथियार और उनकरणों को चीन से ही हासिल किया है। चीन की सैन्य कंपनियों की पाकिस्तान में वाणिज्यिक देनदारियां भी हैं।

## खुद उजाड़ दिया अपना सुहागः प्रेमी संग मिलकर पति को मरवा डाला

देहरादून : पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की साजिश रची। प्रेमी ने प्रेमिका के पति को शराब में चूहे मारने की दवा घोल कर पिला दी और बाद में सिर नदी में डुबो कर उसकी हत्या कर दी। किसी को शक न हो इसके लिए पत्नी ने कुछ दिन बाद कोतवाली में अपने पति की गुमशुदगी दर्ज कराई। लेकिन पुलिस की तत्परता से पूरा मामला खुल गया। पुलिस ने हत्या के आरोप में पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। उज्जवल कालोनी बालावाला गूलरघाटी रोड डोईवाला निवासी हेमलता पत्नी नरेन्द्र सिंह ने बीते 28 जून को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका पति बिना बताए कहीं चला गया है। जिसकी गुमशुदगी उन्होने दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस को बीते एक जुलाई को गूलरघाटी नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। प्रयास करने पर शव की शिनाख्त नरेन्द्र सिंह के रूप में हुई। नरेन्द्र की मौत



संदिग्ध लगने पर पुलिस ने गहनता से जांच पड़ताल करते हुए कई सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के अलावा मोबाइल की लोकेशन और कॉल डिटेल आदि की भी गहनता से पड़ताल की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गुफरान निवासी नकरौंदा डोईवाला की मामले में संदिग्ध भूमिका है। लोगों से पूछताछ कि तो पुलिस पता चला कि मृतक नरेन्द्र की पत्नी के संबध गुफरान से हैं। जिसको लेकर मृतक नरेन्द्र और हेमलता में विवाद होता रहता था। पुलिस ने जब गुफरान से सख्ती से पूछताछ की तो उसने सारा राज उगल दिया। पूछताछ में स्वीकार किया कि हेमलता के साथ मिलकर नरेन्द्र की हत्या की है। हेमलता के कहने पर उसने नरेंद्र को सौंग नदी किनारे शराब पीने के लिए बुलाया। यहां उसकी शराब में चूहे मारने की दवा मिला दी। नशा होने पर नरेंद्र लड़खड़ाकर नदी में गिर गया तो उसका सिर डुबाकर हत्या कर शव नदी में फेंक दिया। योजना के तहत तीसरे दिन हेमलता ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। जिससे मृतक का शव मिलने पर किसी को शक न हो। पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**हेमलता लाई थी चूहे मारने की दवा**

हालांकि नरेंद्र की हत्या गुफरान ने की, लेकिन उसे मारने के लिए चूहे मारने की दवा हेमलता लाई थी। हेमलता ने ही गुफरान को चूहे मारने की दवा दी थी। जो गुफरान ने नरेंद्र की शराब में मिला दी थी।

## पश्चिम बंगाल : जलपाईगुड़ी में विपक्ष का 'चक्का जाम, सात प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

कोलकाता , बिहार मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ 9 जुलाई को विपक्ष 'चक्का जामझ् कर रहा है। इसका असर पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में सुबह ही देखने को मिला। स्थिति बिगड़ने से पहले पुलिस ने सात प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर कोतवाली थाने में भेज दिया।



बुधवार सुबह से ही पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में 'बंदझ् को लेकर तनावपूर्ण माहौल देखने को मिला। बंद समर्थक शहर के प्रमुख स्थानों पर जमा हो गए। बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस और अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बस सेवाओं को रोकने की कोशिश की, जिससे स्थानीय स्तर पर तनाव की स्थिति बन गई। स्थिति बिगड़ने से पहले पुलिस ने बंद समर्थकों को चारों ओर से घेर लिया और सात प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर कोतवाली थाने ले जाया गया।बंद का असर कुछ समय के लिए दैनिक जनजीवन पर भी देखने के लिए मिला। एक स्थानीय महिला ने कहा, मैं स्कूल में काम करती हूं, और अब वहां जा रही हूं। स्कूल बंद है, लेकिन सरकारी बस चलेगी। मैं इसी भरोसे पर घर से निकली थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी सीपीआई (एम) की छात्र इकाई एसएफआई और युवा इकाई डीवाईएफआई के कार्यकर्ता शांतीपाड़ा स्थित नॉर्थ बंगाल स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन डिपो पर जुटे। यह जगह जलपाईगुड़ी से लंबी दूरी की बस सेवाओं के लिए प्रमुख केंद्र है।

बंद को लेकर सीपीआई(एम) जलपाईगुड़ी जिला नेता प्रदीप डे ने कहा, हमारे कार्यकर्ता अलग–अलग जगहों पर भारत बंद के समर्थन में सड़क पर उतरे हैं। यह बंद लोगों की जायज मांगों के समर्थन में बुलाया गया है और हमें जनता से सपोर्ट मिल रहा है।

प्रदीप डे ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा, राज्य सरकार बंद को विफल करने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल कर रही है ताकि भाजपा को खुश किया जा सके। कई जगहों पर पुलिस ने जबरन बल का प्रयोग करने की कोशिश की है।

वहीं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 9 जुलाई (बुधवार) को बिहार की राजधानी पटना में महागठबंधन के 'चक्का जामझ् आंदोलन का नेतृत्व करेंगे, जो विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण यानी एसआईआर के खिलाफ है।

## फर्जी जाति प्रमाण पत्र 48 साल बाद हुआ निरस्त

रुद्रपुर। फर्जी अभिलेखों के आधार पर ठाकुद्वारा के एक व्यक्ति ने काशीपुर तहसील में जाति प्रमाण पत्र बनवा लिया। 48 साल बाद तहसील प्रशासन ने उसका प्रमाणपत्र निरस्त किया है। आरोपी के खिलाफ लेखपाल ने केस दर्ज कराया है।

थाना ठाकुरद्वारा के ग्राम फरीदनगर निवासी विजय पाल सिंह को वर्ष 1976 में तहसीलदार काशीपुर द्वारा खटीक अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया था। यह प्रमाण पत्र 03 अगस्त 1976 को जारी हुआ। 20 सितंबर 1976 को उप जिलाधिकारी ने भी इसे प्रमाणित कर दिया था। बबिता कुमारी नामक महिला ने उच्च न्यायालय नैनीताल में याचिका दायर कर विजय के प्रमाण पत्र को चुनौती दी। हाइकोर्ट के आदेश पर जिलाधिकारी उधमसिंह नगर की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय स्कूटनी कमेटी ने प्रमाण पत्र की जांच की। जांच में प्रमाण पत्र को गलत तथ्यों पर आधारित पाते हुए 06 अक्तूबर 2023 को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद विजय पाल सिंह द्वारा की गई अपील को भी राज्य स्तरीय कास्ट स्कूटनी कमेटी ने 24 अप्रैल 2024 को खारिज कर दिया।

## चार जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

देहरादून। दून समेत प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बादल मंडराने के साथ ही बौछारें के दौर भी चल रहे हैं। दून में बुधवार सुबह से ही घने बादल छाये रहे। कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई, जिससे चौक–चौराहे सराबोर हो गए। हालांकि, घंटेभर में ज्यादातर इलाकों में जल निकासी हो गई। गुरुवार को भी मौसम विभाग ने दून में कहीं–कहीं तीव्र वर्षा के दौर हो सकते हैं।

आसपास के क्षेत्रों में गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने की आशंका है। उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक बादलों का डेरा है। ज्यादातर क्षेत्रों में रुक–रुककर तीव्र बौछारों के दौर हो रहे हैं। खासकर कुमाऊं में कहीं–कहीं भारी बारिश आफत बनी हुई है। ज्यादातर पर्वतीय क्षेत्रों में जगह–जगह भूस्खलन के कारण दुश्वारियां बढ़ गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्ग बाधित होने से जनजीवन प्रभावित है। निचले इलाकों में भी नदी–नालों के उफान पर आने से आसपास के क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया गया है। दून में जोरदार वर्षा के कारण प्रिंस चौक से लेकर दून चौक, कचहरी रोड, बुद्धा चौक, दर्शनलाल चौक आदि क्षेत्र में नालियां ओवरफ्लो होने से बारिश का पानी सड़कों पर बहने लगा। जिससे राहगीरों के साथ ही वाहन सवारों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, गुरुवार को भी कहीं–कहीं भारी वर्षा का क्रम बना रह सकता है। हालांकि, प्रदेश में बारिश का सिलसिला अगले कुछ दिन सामान्य से कम रहने का अनुमान है। गुरुवार को देहरादून, रुद्रप्रयाग, नैनीताल और बागेश्वर में गरज–चमक के साथ भारी वर्षा हो सकती है।

## आलिया भट्ट की पूर्व सेक्रेटरी हुई गिरफ्तार, एक्ट्रेस को लगाया था लाखों का चूना

मुंबई , बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की पूर्व सेक्रेटरी को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व सेक्रेटरी का नाम वेदिका शेट्टी है, उसे अभिनेत्री के साथ 76 लाख की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। वेदिका पर आरोप है कि उन्होंने आलिया भट्ट के प्रोडक्शन हाउस और पर्सनल अकाउंट के साथ हेर-फेर की है और एक्ट्रेस को 76 लाख का चूना लगाया है। वेदिका शेट्टी के खिलाफ जुहू पुलिस में मामला दर्ज किया गया था, जिसकी जांच चल रही है। आरोप है कि शेट्टी ने फर्जी बिल्स के आधार आलिया और उनके प्रोडक्शन हाउस से 76 लाख की राशि अवैध तरीके से प्राप्त की। मई 2022 से अगस्त 2024 के दौरान यह



गबन किया गया। वेदिका फर्जी बिल्स क्रिएटेट करती थी, उस पर आलिया के सिग्नेचर लेती थी और फिर सारा पैसा अपने दोस्त के अकाउंट में ट्रांसफर करती थी। इस तरह दो साल में शेट्टी ने करीब 76 लख रुपए का गबन किया। इस मामले में इस साल जनवरी महीने में जुहू पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया था।

पिछले 5 महीने से वेदिका फरार थी। अब वेदिका को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया और उसे कोर्ट में पेश किया गया। आरोपी वेदिका को 10 जुलाई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

## यात्रियों की सुविधा के लिए चार ट्रेनें चलाई, दो का विस्तार किया

हरिद्वार। कांवड़ मेले के दौरान हरिद्वार पहुंचने वाले शिवभक्तों और यात्रियों कि सुविधा के लिए मुरादाबाद मंडल रेल प्रशासन ने चार मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। साथ ही दो ट्रेनों का हरिद्वार स्टेशन तक विस्तार किया गया है। बुधवार को सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन दिल्ली–शामली–दिल्ली डीईएमयू और ट्रेन दिल्ली–सहारनपुर–दिल्ली मेमू का हरिद्वार स्टेशन तक विस्तार किया गया है। 11 जुलाई से 25 जुलाई तक दोनों ट्रेनें हरिद्वार स्टेशन तक संचालित होंगी। साथ ही कांवड़ मेले के लिए ट्रेन मुरादाबाद–लक्सर–मुरादाबाद, हरिद्वार–दिल्ली शाहदरा–हरिद्वार, योगनगरी ऋषिकेश–दिल्ली शाहदरा–योगनगरी ऋषिकेश, योग नगरी ऋषिकेश–आलमनगर–योगनगरी ऋषिकेश का संचालन 11 जुलाई से 25 जुलाई तक मेला अवधि में किया जाएगा।

## राजस्थान के चूरू में लड़ाकू विमान 'जगुआर' क्रैश, दो पायलटों की मौत

जयपुर। राजस्थान के चुरू में बड़ा विमान हादसा हो गया है। रतनगढ़ में अचानक वायुसेना का एक फाइटर प्लेन क्रैश हो गया। यह हादसा भानुदा गांव में देखने को मिला है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, इस हादसे में 2 पायलटों की मौत हो गई है। प्लेन क्रैश के बाद आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है। प्लेन क्रैश की सूचना मिलते ही राजलदेसर पुलिस थाने का एक दल भी मौके पर रवाना किया गया था।

**रक्षा सूत्रों ने दी जानकारी**

रक्षा सूत्रों के हवाले से घटना की जानकारी दी। इसके अनुसार, हादसे का शिकार हुआ विमान भातीय वायुसेना का जगुआर फाइटर प्लेन था। हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है।



भारतीय वायुसेना ने भी इस हादसे की पुष्टि कर दी है। कआ के अनुसार, यह हादसा रूटीन ट्रेनिंग मिशन के दौरान हुआ, जब चुरू के पास सेना का जगुआर एअरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे की वजह अभी सामने नहीं आई है। हादसे पर कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं।

**सूरतगढ़ से भरी थी उड़ान**

वायुसेना के इस लड़ाकू विमान ने सूरतगढ़ से उड़ान भरी थी। विमान में 2 पायलट मौजूद थे, जिनकी जान चली गई है। हालांकि, रतनगढ़ के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही वायुसेना ने 2 हेलीकॉप्टर घटनास्थल की ओर रवाना किए। वहीं, अब कआ की तरफ से कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं।

# सम्पादकीय

## पाकिस्तान की चाल फिर विफल

शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर बेनकाब करते हुए भारत पर ही आरोप मढ़ने की उसकी चाल को विफल कर डाला। आतंकवाद के खिलाफ अपने कड़े रुख पर कायम रहते हुए भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज करने और सीमा पार से होने वाले पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के प्रति भारत कीचिंताओं को अनदेखा करने पर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। एससीओ रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथसिह ने पहलगाम आतंकी हमले को वक्तव्य में शामिल करने की मांग की, जबकि पाकिस्तानी पक्ष ने बलूचिस्तान में चरमपंथी गतिविधियों पर टिप्पणी डलवाने पर जोर दिया, जो साफ–साफ भारत पर आरोप मढ़ने का प्रयास था। पाकिस्तान की इस हरकत के कारण सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य के बिना ही समाप्त हो गया। वक्तव्य के मसौदे में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्रही नहीं था और न ही सीमा पार से होने वाले आतंकवाद पर भारत के रुख को दर्शाया गया था। ये सारी चालें सम्मेलन के अत्यंत महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर भारत के रुख को कमजोर करने के लिए चली जा रही थी, मामले को भांपते ही रक्षामंत्री ने पाक के धुर्रे उड़ा दिए। राजनाथ ने आतंकवाद का प्रायोजक ठहराते हुए जवाबदेह ठहराने की अपील की। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूरझ को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड रखने वालों के खिलाफ एससीओ को भी भारत जैसी कड़ी नीति अपनानी चाहिए। अब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का वक्त आ गया है। आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और अपने संकीर्ण और निहित उद्देश्यों के लिए इसका इस्तेमाल करने वालों को परिणाम भुगतने ही होंगे। ऑपरेशन सिंदूर इसकी शुरुआत थी जिसके तहत भारत ने आतंकवाद से बचाव तथा सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। आपरेशन से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति उसकी कार्रवाइयों के माध्यम से प्रदर्शित हुई है। भारत के इन प्रयासों को एससीओ के सदस्य देशों से निसंकोच भरपूर सहयोग और समर्थन मिलना ही चाहिए। दुनिया के इस भूभाग में इसी से शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा तथा संगठन का उद्देश्य सार्थक हो सकेगा।

## हिन्दी को जबरन घसीटना

महाराष्ट्र के विद्यालयों में पहली कक्षा से हिन्दी भाषा को शामिल करने के खिलाफ बढ़ते विरोध के दरम्यान मंत्रिमंडल ने त्रि–भाषा नीति पर सरकारी आदेश को रद्द कर दिया। भाषा नीति के कार्यान्वयन व आगे की राह सुझाने के लिए शिक्षाविद् की अध्यक्षता में समिति का गठन करने की घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने की। राज्य सरकार ने अप्रैल मध्य में आदेश जारी किया था कि अंग्रेजी व मराठी माध्यम स्कूलों के छात्रों के लिए पहली से पांचवीं कक्षा तक हिन्दी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाया गया था, परंतु जबरदस्त विरोध के चलते महीने भर बाद ही संशोधित सरकारी आदेश द्वारा हिन्दी को वैकल्पिक विषय बता दिया गया। आदेश को रद्द करते हुए मुख्यमंत्री ने दलीलें दीं, कि मुख्यमंत्री रहते हुए उद्धव ठाकरे द्वारा कक्षा एक से बारह तक तीन भाषा नीति लागू करने की सिफारिशें स्वीकारी थीं व कार्यान्वयन पर सामिति गठित की थीं। भाषा विवाद देश में नया नहीं है। दक्षिण के कई राज्य हिन्दी का सिर्फ विरोध ही नहीं करते रहे हैं बल्कि इसे थोपे जाने के आरोप भी मढ़ते रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में त्रि–भाषा लागू करने की बात की गई है।

# लगातार अपनी विश्वसीयता को कमतर कर रहे ट्रंप

**डॉ. एस.के. मिश्र**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपनी विश्वसीयता को कमतर कर रहे हैं। कभी अनाप–शनाप निर्णय के कारण तो कभी भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का श्रेय लेने के कारण।

ताजा मामला ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम के एकतरफा ऐलान का है। इस कदम के फलस्वरूप न केवल उनके देश के नागरिकों में गुस्सा है बल्कि उनके सहयोगी देश भी सकते में हैं। यही नहीं ट्रंप ने दवा किया कि दोनों देश शांति के लिए उनके हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से विस्तृत युद्ध विराम की घोषणा की। आपने दावा किया कि ईरान और इजरायल लगभग एक साथ मेरे पास आए और कहां 'शांतिझ, मुझे पता था कि अब समय आ गया है। विश्व और मध्य पूर्व ही असली विजेता है।झ आगे कहा कि 'इजरायल और ईरान का भविष्य असीमित है और महान आशाओं से भरा है दोनों देश अपने भविष्य में जबरदस्त स्नेह, शांति और समृद्धि देखेंगे।

विचारणीय विषय यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम योजना को स्वीकार कर लिया ताकि मध्य पूर्व में चल रहे 12 दिनी युद्ध को अलविदा किया जा सके। कहा गया तब तेहरान ने ईरान में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी सीमित प्रक्षेपास्त्र द्वारा प्रहार किया था।

वास्तव में यह अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु स्थलों पर की गई बमबारी का बदला था। यह भी ध्यान रहे कि इजरायल ने भी अभी तक ट्रंप के युद्ध विराम की घोषणा को स्वीकार नहीं किया है। आखिरकार ट्रंप की इस प्रकार की खोखली घोषणाएं देश एवं दुनिया को क्या जाहिर कराना चाहती है। इस तरह ट्रंप अपने मुंह मियां मिू बनकर अमेरिका की प्रतिष्ठा को भी धूल धूसरित करने में लगे हैं।

दूसरी तरफ, इजरायल ने ईरान पर युद्धविराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए बलपूर्वक जवाब देने की कसम खाई है। ईरान तथा इजरायल के बीच युद्धविराम की बात जिसने 12 दिनों के संघर्ष को रोक कर राहत भले दे दी हो, किंतु अभी भी असमंजस की स्थिति स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। ट्रंप अमेरिका के ही नहीं बल्कि दुनिया के ऐसे पहले राष्ट्र प्रमुख होंगे जिन पर विश्वास करना खतरे से खाली नहीं है।

दुनिया के हर मामले में हस्तक्षेप करके अपनी साख खोते जा रहे हैं। स्मरण रहे कि ट्रंप ने स्पष्ट रूप से ईरान इजरायल युद्ध में शामिल होने के संदर्भ में कहा था 'अमेरिका दो हफ्तों के भीतर इस संघर्ष में शामिल होने का फैसला करेगा, किंतु दो दिन बाद ही अमेरिका के बी–2 बमवषर्कों द्वारा ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप भू राजनीतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तनाव बढ़ने की आशंकाएं बढ़ गई।

ट्रंप की घोषणा के बाद तेल अवीव और तेहरान संघषर्विराम पर सहमत हो गए हैं। बड़ी असमंजस की स्थिति बन चुकी है। एक ओर अमेरिका कह रहा है कि उसने ईरान की परमाणु क्षमता को सीमित कर दिया है वहीं ईरान का कहना है कि वह दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के सामने खड़े होकर मुकाबला करने का जज्बा, जोश और जुनून रखता है और किसी भी हालत में पीछे ने हटने की बात भी करता है। इजरायल बहुत हद तक ईरान को कमजोर एवं खंड–विखंड की बात कहता है।



इस युद्ध में हर देश अपने को एक दूसरे से बड़ा विजेता बनने की बात करता है, किंतु इसकी सत्यता तो समय पर पता लगेगी कि वास्तविक जीत किसकी हुई है? ईरान के सवोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर किए गए अपने आक्रमण को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इस हमले में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। ईरान किसी के द्वारा की गई ज्यादती को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगा। हम किसी के आगे नहीं झुकुंगे। यही ईरानी राष्ट्र की सोच है। स्पष्ट कर दूं कि एक दिन पूर्व अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्लांट्स पर हमला किया था, जिसमें फोर्डो परमाणु सुविधा संपन्न केंद्र भी शामिल था।

इसमें अमेरिका ने बी–2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर्स के द्वारा 14 जीबीयू–57 में सिर्फ ऑर्डिनेंस पेनिट्रेटर गिराए थे। इससे ईरान के परमाणु सुविधा को बड़ी हानि उठानी पड़ी। ट्रंप अपने देश के ही नहीं बल्कि दुनिया के पहले राष्ट्राध्यक्ष होंगे जो अपनी अस्थिर सोच, विचार, क्रियाकलाप एवं व्यवहार के रूप में जाने जाएंगे।

नोबेल शांति पुरस्कार की लालसा रखने वाले अपने पद, प्रतिष्ठा एवं प्रतिबद्धता को भी दांव में लगाकर दोहरी, दोमुखी एवं दुधारू तलवार से दुनिया को चलाने का जो प्रयास कर रहे हैं, वह बेहद विरोधाभास से भरा हुआ है। जिस स्थिति एवं व्यवहार को अपनाकर वे 'ट्रंप चालझ चल रहे हैं, उससे उनकी जीत कभी भी बड़ी हार में बदल सकती है। बड़ा बनने के लिए एक बड़ी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और स्वयं की बजाय लोगों को साबित करना होता है।

एक ओर आतंकी पाकिस्तान के साथ दोस्ती का डिनर दूसरी ओर ईरान पर हमला तीसरी और जी–7 की बैठक को बीच में छोड़ना, 'ऑपरेशन सिंदूरझ के समय भारत–पाकिस्तान युद्ध में युद्ध विराम का श्रेय खुद लेना और स्वयं पीछे हट जाना कि इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी; आखिर कितना छिछलापन है? यह सर्वविदित सत्य है कि जहां अस्तित्व हेतु संघर्ष बेहद जरूरी है वहां शांति के बिना जीवन का आधार नहीं है। संघर्ष की अवधारणा अत्यंत व्यापक है, जो शांति की इच्छा को प्रोत्साहित करती है। वर्तमान दौर में संघर्ष एवं शांति बेहद महत्त्वपूर्ण समसामयिक चिंता एवं चिंतन का विषय है।

हम सभी शांति, सुरक्षा, सद्भाव, सदाचार, सहयोग, समर्थन, स्नेह, सहानुभूति एवं सार्थक शिक्षा की बात करते हैं, किंतु उन्हें जीवन व्यवहार में अपनाने की बात पर अमल नहीं करते। देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को अपना पिू बनाए रखने की ललक स्वयं एवं विश्व हित में नहीं होती है।

अतः ट्रंप द्वारा स्वयं की शेखी बघारना या डींग हांकना बंद करके मानवीय मूल्यों की सुरक्षा के प्रति गंभीर रूप से चिंता व चिंतन करें तो इतिहास उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से बड़ा मानवीय हित संरक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेगा। जिस तरह की दोहरी सोच वह प्रकट करते हैं, इससे उनके व्यक्तित्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं अमेरिका की छवि भी धूल धूसरित होती है।

उन्हें जो अभी अपने बेहद खास नजर आ रहे हैं, वो भी कुछ दिनों में पराए हो जाएंगे। काश! उन्हें सदबुद्धि आए और विश्व का कल्याण हो।

**ट्रंप की घोषणा के बाद तेल अवीव और तेहरान संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। बड़ी असमंजस की स्थिति बन चुकी है। एक ओर अमेरिका कह रहा है कि उसने ईरान की परमाणु क्षमता को सीमित कर दिया है वहीं ईरान का कहना है कि वह दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के सामने खड़े होकर मुकाबला करने का जज्बा, जोश और जुनून रखता है और किसी भी हालत में पीछे ने हटने की बात भी करता है। इजरायल बहुत हद तक ईरान को कमजोर एवं खंड–विखंड की बात कहता है। इस युद्ध में हर देश अपने को एक दूसरे से बड़ा विजेता बनने की बात करता है, किंतु इसकी सत्यता तो समय पर पता लगेगी कि वास्तविक जीत किसकी हुई है?**

# पाक की अध्यक्षता का मतलब

**प्रेम शर्मा**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पाकिस्तान को अध्यक्षता मिलना जहां कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है, क्योंकि यह अस्थाई होती है और इसकी मीयाद सिर्फ एक महीने ही होती है, भारत में कई लोगों को इससे निराशा हुई है। वैसे तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता मोटे तौर पर प्रतीकात्मक ही होती है और इसका कोई खास असर नहीं होता है। पाकिस्तान के यूएनएसी के अध्यक्ष बनने से भारत को तकनीकी रूप से किसी तरह की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अध्यक्ष देश कोई फैसला अकेले नहीं ले सकता।मगर हां, राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से वो कई गड़बड़ियां कर सकता है। जिसका उदाहरण सामने आ भी चुका है क्योंकि यूएनएससी में पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने कश्मीर मामले पर चर्चा भी शुरू कर दी, जबकि सबको पता है कि ये भारत और पाकिस्तान के बीच का मसला है। पाकिस्तान के पास एजेंडा कंट्रोल करने की पावर है। वो तय कर सकता है कि किस मुद्दे पर ज्यादा चर्चा हो और किस पर नहीं। ऐसे में भारत को उसकी एक माह की अध्यक्षता पर नजर रखनी होगी। वैश्विक राजनीति में जहां कूटनीतिक स्तर पर भारत अलग–थलग पड़ता नजर आ रहा है, वहीं इस मोर्चे पर पाकिस्तान की अहमियत बढ़ती नजर आ रही है। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारतीय प्रतिनिधियों के कूटनीतिक विश्व भ्रमण के दौरान तमाम देशों को यह समझाने के बावजूद कि पाकिस्तान आतंक का केंद्र और आतंकवादियों की शरणस्थली बना हुआ है, पाकिस्तान के चीन, रूस और अमेरिका के साथ रिश्तों में हाल के महीनों के दौरान नाटकीय गर्मजोशी देखने को मिल रही है। अगर वोटिंग की बॉत करे तो वोटिंग में भी भारत के प्रति अन्य देशों का रूझान ठीक नही रहा। बहरहाल ये भी हो सकता है कि अध्यक्ष बनने के बाद पाकिस्तान चाहे तो खुद को पीड़ित बता सकता है। इसके साथ ही वह सिंधु जल संधि पर भी अपना दुखड़ा रो सकता है कि भारत ने पानी बंद कर दिया है और जैसा कि ये दुनिया का बड़ा मंच है और उसे मौका मिला है तो वो अपना दुखड़ा पूरी दुनिया को पूरी ताकत से सुना सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि वो ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी उल्टे सीधे बयान दे लेकिन इससे भारत को कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। आतंकियों का पनाहगार और दुनिया के हर मंच पर कश्मीर का राग अलापने वाला पाकिस्तान एक जुलाई से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है और एक महीने तक अध्यक्ष के तौर पर काम करेगा। पाकिस्तान इसी साल जनवरी में दो साल के लिए अस्थायी सदस्य चुना गया था, जिसे वोटिंग के दौरान 193 में से 182 वोट मिले थे। अब नए नवेले सदस्य बने पाकिस्तान को एक जुलाई से 31 जुलाई तक अध्यक्ष पद की भूमिका निभानी है और अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने के बाद उसके पास कई पॉवर्स होंगे। जैसे पाकिस्तान सुरक्षा परिषद की सभी औपचारिक और अनौपचारिक बैठकों की अध्यक्षता करेगा। परिषद के एजेंडे को तय करने और प्राथमिकताओं को तय करने में खास भूमिका निभाएगा। अध्यक्ष परिषद की ओर से प्रेस स्टेटमेंट और सार्वजनिक घोषणाएं जारी करेगा और परिषद के सदस्यों के बीच संवाद और समन्वय तय करेगा, जिससे परिषद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले। इसके साथ ही अगर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को तत्काल खतरा हो, तो अध्यक्ष देश आपातकालीन बैठक बुला सकता है। इसके साथ ही अध्यक्ष देश को परिषद की बैठकों की कार्यवाही को कंट्रोल करने, वक्ताओं को बुलाने और चर्चा को दिशा देने की शक्ति होती है। हालांकि संभावना तो नहीं है, लेकिन इस एक महीने की अध्यक्षता के दौरान पाकिस्तान कुछ खुराफात कर सकता है। भारत में इस बात को लेकर चिंता है, जो सही भी है कि पाकिस्तान इस मौके का फायदा कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के लिए न कर ले और वैश्विक दक्षिण के नेता के रूप में भारत की स्थिति को कोई नुकसान न हो। ध्यान रहे कि ईरान, तुर्की और इस्लामिक देशों के संगठन–ओआईसी जैसे मध्यपूर्व के देशों के साथ भारत के रिश्ते कोई खास अच्छे नहीं हैं और आने वाले दिनों में इनमें कुछ और तनाव जैसी स्थितियां बन सकती हैं।

## भावपूर्ण स्त्री के तौर पर ममता को कड़े कदम उठाने चाहिए

कोलकाता के विधि महाविद्यालय प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित रूप से वरिष्ठ छात्रों द्वारा दुष्कर्म का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। दक्षिण कोलकाता के इस परिसर में वह परीक्षा संबंधी प्रवेशपत्र भरने गई थी। मेडिकल जांच में सामूहिक रेप की पुष्टि होने के साथ ही एक सुरक्षाकर्मी गिरफ्तार किया गया। पीड़िता की शिकायत के अनुसार उसे जबरन यूनियन रूम में रोका गया और पूर्व छात्र व आपराधिक मामलों के वकील ने रेप किया। दो अन्य छात्रों ने घटना का वीडियो भी बनाया। शिकायतकर्ता ने बताया, दोषी के विवाह प्रस्ताव को वह पूर्व में ठुकरा चुकी थी। अभियुक्तों का संबंध तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद से बताया जा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि शैक्षणिक संस्थाओं में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का दबदबा है। मुख्य आरोपी मनोजित के खिलाफ पहले भी कई विवाद सामने आने के बावजूद उसे कॉलेज में अस्थाई नौकरी मिलने के पीछे राजनीतिक संरक्षण बताया जा रहा है। भाजपा घटना पर मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने की मांग कर रही है जबकि उसे बीएचयू की वह घटना याद रखनी चाहिए जिसमें तमाम दबाव के बाद आरोपियों को पकड़ा गया था। तब सत्ताधारी दल ने किस राजनेता पर कार्रवाई की थी। यह खौफनाक है। विभिन्न घटनाओं के आधार पर कहना अतिश्योक्ति नहीं है कि देश के शिक्षण संस्थान और विश्वविद्यालय छात्राओं के लिए अति असुरक्षित हैं। तमाम नियमों व कानूनी पाबंदियों के बावजूद सामने आने वाली ये घटनाएं चुनिंदा हैं क्योंकि छात्राएं घबरा जाती हैं क्योंकि उनके शिक्षा ग्रहण करने में अड़ंगे लगने लगते हैं। सवाल छात्राओं का ही नहीं है, महिलाओं/बच्चियों की सुरक्षा को लेकर सरकारी व प्रशासनिक ढुलमुल रवैया बदल क्यों नहीं रहा। महिलाओं के प्रति अपराध थामने के लिए किए जाने वाले प्रचार, आयोग व दीवारों पर लिखे स्लोगन काफी नहीं कहे जा सकते। राजनीति को शिक्षा से दूर रखने की बात दशकों से होती रही है। उस पर राजनेताओं के अनर्गल बयानों से पीड़िता व उसके परिवार–परिचितों को होने वाले मानसिक कष्ट की भरपाई कैसे हो सकती है। कोलकाता के मेडीकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के जघन्य रेप/हत्या के जख्म अभी ज्यों–के–त्यों हैं।

# द वेदाज स्पीक को होस्ट करेंगी रुखसार रहमान



अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस रुखसार रहमान अब एक नए किरदार में नजर आएंगी। वह जल्द ही एक नया चैट शो द वेदाज स्पीक को होस्ट करेंगी।

रुखसार ने इस टॉक शो को करने के लिए हामी भरने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि उन्हें हमेशा से कुदरत के चमत्कारों में दिलचस्पी रही है, जैसे कि ब्रह्मांड, ज्योतिष, आध्यात्म, और पुराणों की कहानियां आदि। इस वजह से उन्होंने इस शो को होस्ट करना स्वीकार किया।

एक्ट्रेस ने कहा, मुझे हमेशा ब्रह्मांड, ज्योतिष, आध्यात्म, पुराणों और प्रकृति के चमत्कारों में ज्यादा रुचि रही है। ब्रह्मांड में जो रहस्य छिपे हैं, वे मुझे बेहद आकर्षक लगते हैं। ये रहस्य हमारी जिंदगी पर भी असर डालते हैं।

रुखसार के लिए द वेदाज स्पीक शो से जुड़ना उनके अपने विश्वासों का एक स्वाभाविक हिस्सा जैसा है। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से प्रकृति की अद्भुत चीजों में गहरी दिलचस्पी रही है। ये चीजें ब्रह्मांड के छिपे हुए राज बताती हैं। इसलिए जब इस शो का हिस्सा बनने का मौका मिला, तो मुझे लगा कि यह काम मेरे दिल के बहुत करीब है और मैं खुशी–खुशी इसके लिए तैयार हो गई। मैं इस शो का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। भेजा फ्राई 2 की एक्ट्रेस ने बताया कि द वेदाज स्पीक बाकी आध्यात्मिक चैट शोज से बिलकुल अलग है। उन्होंने कहा कि यह शो सिर्फ बातें करने वाला नहीं है, बल्कि यह एक गहरी और अर्थपूर्ण यात्रा है।

## भारत ने पाकिस्तान को छोड़ा पीछे, सेना देशों में हासिल की ये बड़ी उपलब्धि

नईदिल्ली,बर्मिंघम के एजबेस्टन में पहली टेस्ट जीत दर्ज करती ही भारत ने कई रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए. वो एजबेस्टन में टेस्ट मैच जीतने वाली पहली एशियाई टीम बन गई है. इसके अलावा वहां पहली बार किसी एशियाई टीम 1000 से ज्यादा रन बनाने में कामयाब रही. भारत ने एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में 587 और दूसरी पारी 427 रन बनाए थे. एजबेस्टन टेस्ट जीत के साथ भारतीय टीम ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है और वो ये है कि टीम इंडिया अब सेना देशों यानी साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने वाली टीम बन गई है. इससे पहले ये रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था, जिन्होने 148 मैचों में 29 मुकाबले जीते थे. लेकिन अब ये रिकॉर्ड भारत के नाम हो गया है, जिन्होंने 178 टेस्ट मैचों में 30 मुकाबले जीते हैं. तीसरे नंबर श्रीलंका की टीम है जिसने 76 मुकाबले में सिर्फ 9 टेस्ट मैच सेना देशों में जीते है. जबकि बांग्लादेश ने इन चार देशों में 25 टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन उन्हें केवल न्यूजीलैंड में एक जीत मिली है.

# विराट कोहली ने टेस्ट रिटायरमेंट पर तोड़ी चुप्पी



नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली इन दिनों लंदन में हैं. जहां उन्हें पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ विंबलडन 2025 में नोवाक जोकोविच का मैच देखते हुए भी देखा गया. इस के अलावा ये स्टार खिलाड़ी लंदन में ही युवराज सिंह के चैरिटी संस्थान यू वी कैन फाउंडेशन के तहत आयोजित एक डिनर में भी पहुंचा, जहां टीम इंडिया के अलावा दुनिया के दिग्गज खिलाड़ी भी मौजूद थे.

इस मौके पर विराट कोहली ने पहली बार टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में सार्वजनिक रूप से बात की. जब उनसे पूछा गया कि फैंस आपको टेस्ट क्रिकेट में मिस कर रहे हैं तो इस पर विराट कोहली ने मजेदार बात कही. उन्होंने कहा, मैंने अभी दो दिन पहले ही अपनी दाढ़ी को रंगा है. आप जानते हैं कि जब हर चार दिन में अपनी दाढ़ी को रंगा जाने लगे तो आपको पता चल जाता है कि अब समय आ चुका है. दरअसल कोहली इस मजेदार बात से ये बताना चाह रहे थे कि उनके लिए अब अपने शानदार टेस्ट करियर को अलविदा कहने का समय आ गया है. इस मौके पर विराट कोहली ने युवराज सिंह के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी खुलकर बात की. उन्होंने कहा, हमारे बीच बहुत अच्छा रिश्ता है, जब मैंने भारत के लिए खेलना शुरू किया, तो उन्होंने, भज्जू पा और जहीर खान ने मुझे अपने संरक्षण में लिया. उन्होंने मुझे एक खिलाड़ी के रूप में विकसित होने में बहुत मदद की.

# फुलेरा में अब होगा उप प्रधानी के लिए घमासान



पिछले महीने 24 जून को पंचायत का चौथा सीजन अमेजन प्राइम पर रिलीज हुआ, जिसे दर्शक ढेर सारा प्यार दे रहे हैं। हालांकि, इस सीजन में मंजू देवी प्रधानी का चुनाव हार जाती हैं, जिसने दर्शकों को निराश कर दिया। अब सभी को इंतजार है कि इसके पांचवे सीजन में क्या होगा। इस बेसब्री को देखते हुए पंचायत के निर्माताओं ने इसके पाचंवे सीजन का एलान कर दिया है। आइए जानते हैं कब रिलीज होगा इसका नया सीजन। पंचायत के मेकर्स ने पांचवे सीजन का आधिकारिक एलान करते हुए नए सीजन का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। इस पोस्टर में देखा जा सकता है कि इस बार कहानी में नया मोड़ आने वाला है, जिसमें उप प्रधानी की जंग होने की पूरी संभावना है। पोस्टर के अनुसार बिनोद कुर्सी पर बैठा दिख रहा है और सभी उसे अपनी ओर खींच रहे हैं। यह एक मजेदार दृश्य दिखा रहा है।

पंचायत के निर्माताओं ने नए सीजन का पोस्टर जारी करते हुए बताया कि फुलेरा में वापस आने की तैयारी शुरू कर लीजिए।

## क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 से सामने आई स्मृति ईरानी की पहली झलक

एकता कपूर के सबसे लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक क्योंकि सास भी कभी बहू थी के दूसरे सीजन का ऐलान होने के बाद से प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर है। शो से ज्यादा दर्शक स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी बहू की वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और अब इससे अभिनेत्री की पहली झलक सामने आ गई है, जिसके बाद दर्शक की बेताब और बढ़ गई है। स्मृति का ये लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।स्मृति का तुलसी वाला लुक लीक हो गया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तस्वीर में स्मृति ने मैरून रंग की खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है।

# इंग्लैंड के खिलाफ भारत की प्लेइंग–11 में होंगे बड़े बदलाव, 2 खिलाड़ियों की होगी छुट्टी



नई दिल्ली,भारत–इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई (गुरुवार) को लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाने वाला है. ये मैच भारत में दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा जबकि टॉस 3:00 बजे होगा. इस मैच में भारत की कप्तानी शुभमन गिल के हाथों में होगी तो वहीं, इंग्लैंड की कप्तानी बेन स्टोक्स करते हुए नजर आएंगे. इस मैच में दोनों टीमों में बड़े बदलाव होने की उम्मीद है. आज हम आपको भारतीय टीम में होने वाले संभावित बदलावों के बारे में बताने वाले हैं. शुभमन गिल और हेड कोच गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम की प्लेइंग–11 में एक बड़ा बदलाव करना लगभग तय है. इस मैच के लिए भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को प्लेइंग–11 में शामिल किया जाएगा. बुमराह को हेडिंग्ले में हुए पहले टेस्ट के बाद वर्कलोड के चलते एजबेस्टन में हुए दूसरे टेस्ट से आराम दिया गया है.

अब उन्हें लॉर्ड्स में खिलाया जाएगा, जहां की पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है. बुमराह के लॉर्ड्स में वापसी की पुष्टि भारतीय कप्तान गिल ने बर्मिंघम में हुए टॉस के दौरान भी की थी. बुमराह ने सीरीज में एकमात्र मैच खेला है जहां उन्होंने पहली पारी में कुल 5 विकेट हासिल किए थे. बुमराह अब लंबे आराम के बाद तीसरे टेस्ट के लिए पूरी तरह से फिट और फ्रेस हैं.

## एक नजर

### अनुग्रह अग्रवाल ने पास की चार्टर्ड एकाउंटेट की परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार के गोविंद नगर निवासी प्रो. विजय कुमार अग्रवाल और शशि अग्रवाल के पुत्र अनुग्रह अग्रवाल ने चार्टर्ड एकाउन्टेट की अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। माता शशि अग्रवाल ने बताया कि अनुग्रह ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बी कॉम आनर्स की परीक्षा प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण की। उसके बाद सीए की तैयारी कर चार्टर्ड एकाउन्टेंट परीक्षा को उत्तीर्ण किया।

उन्होंने बताया कि अनुग्रह अग्रवाल की बड़ी बहिन दुबई में साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है तथा दूसरी बहिन भारत सरकार के प्रतिष्ठित संस्थान भाभा एटोमिक रिसर्च केंद्र मुम्बई में वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत है।

अनुग्रह के पिताजी प्रोफेसर विजय कुमार अग्रवाल 40 वर्षों से उत्तराखंड सरकार में उच्च शिक्षा में सेवारत हैं और वर्तमान में राजकीय स्नातकोत्तर व्यावसायिक महाविद्यालय बनास, पैठाणी में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। बताया कि वे स्वयं घर-गृहस्थी का कार्य संभालती हैं।

### ढाबे में लगी आग, हादसा टला

चमोली : बुधवार को कर्णप्रयाग के मुख्य बाजार में गैस सिलेंडर लीक होने से एक ढाबे में आग लग गई। आसपास के दुकानदारों ने मुश्किल से सिलेंडर को बाहर निकालकर आग बुझाई। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कर्णप्रयाग में नगर पालिका की ओर से मुख्य बाजार में सड़क किनारे टिन के खोखे बनाए गए हैं। इन दुकानों में दुकानदारों ने सब्जी, चाय की दुकान व होटल खोले हैं।

बुधवार दोपहर करीब 12 बजे बाजार के बीचों बीच एक ढाबे में गैस सिलेंडर लीक हो गया और उसने आग पकड़ ली। आग लगते ही ढाबे में खाना खा रहे लोग व दुकानदार बाहर आ गए। इसी दौरान आसपास सब्जी खरीद रहे लोगों में अफरा तफरी मच गई। धुआं देख लोगों ने आग में बोरियां भिगाकर पानी की बाल्टियां डालनी शुरू की और कुछ ही देर बाद आग पर काबू पा लिया। इसद दौरान सड़क में बाइक, रोड़वेज की बस व टैक्सियां भी खड़ी थीं। ढाबे में आग लगते ही वाहन स्वातियों ने अपने वाहनों को वहां से हटा दिया था। होटल स्वामी राकेश रतूड़ी ने बताया कि आग लगने से दुकान में रखी आलमारी और खाने पीने का सामान खराब हो गया। (एजेंसी)

### पांच पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान शराब की तस्करी के मामले में तेजी सामने आ रहें हैं। पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की चैकिंग बढ़ा दी है। और बड़ी मात्रा में शराब पकड़ी भी जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया मंगलवार को देर सांय भट्टनगर गौचर मार्ग पर चैकिंग के दौरान एक कार से 5 पेटी शराब और एक पेटी बियर पकड़ी गयी। वाहन से शराब ले जाते कार चालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया इससे पहले 6 जुलाई को नन्दानगर बांजबगड रोड पर 96 पव्वे शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। 6 जुलाई को ही आर्मी टी सी पी से औली की ओर जाते चैकिंग के दौरान एक बोलते वाहन से 31 पेटी अंग्रेजी शराब पकड़ी गयी। (एजेंसी)

### चार गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप

चमोली : मंगलवार को नन्दानगर के मोख, सेरा आदि गांवों में अतिवृष्टि से जो नुकसान हुआ उसके प्रभाव अब भी दिख रहे हैं। गांवों को विद्युत आपूर्ति करने वाले विद्युत लाइन पोल टूट गये हैं, जिससे कई गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी है। मुंदोली फीडर में खराबी आने से 4 गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित है। बोरा गाड़ फीडर में खराबी आने से कुछ गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप है। (एजेंसी)

# बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन, कानून वापस लेने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नए श्रम कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर बुधवार को उत्तरांचल बैंक इम्प्लायर्स यूनियन के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। कहा कि कर्मिचारियों, श्रमिकों व किसानों के हित को देखते हुए जल्द कानून वापस होने चाहिए।

देश की 10 बड़ी ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर आहूत की गई देशव्यापी हड़ताल के अंतर्गत उत्तराचंल बैंक इम्प्लायर्स यूनियन के बैनर तले सभी बैंकों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बदरीनाथ मार्ग स्थित सरकारी बैंक के बाहर प्रदर्शन किया। सदस्यों ने सरकार से नए श्रम कानूनों को वापस लेने की मांग की।

कहा कि सरकार मजदूर और किसानों सहित कर्मचारियों के हित के खिलाफ फैसले ले रही है और बड़ी कंपनियों को लाभ पहुंचा रही है। यह हड़ताल सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ



कोटद्वार में नए श्रम कानूनों के विरोध में प्रदर्शन करते बैंक कर्मी

बड़ा कदम है। कहा कि केंद्र सरकार के चार नए श्रम कानून मजदूरों के हक छीन रहे हैं और नियोक्ताओं को जवाबदेही से बचा रहे हैं, जो मजदूरों के साथ नाइंसाफी है। बैंकों और अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों की भर्ती न करते हुए प्रतिष्ठानों के निजीकरण की तैयारी की जा रही है, जिसे कर्मचारी हित में नहीं कहा जा सकता।

मौके पर बेरोजगारी दूर करने के लिए अधिक रोजगार सृजन करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, रोजगार गांरटी योजना का मैदानी क्षेत्रों में भी विस्तार करने और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का निजीकरण रोकने की मांग की गई। प्रदर्शन करने वालों में कोटद्वार स्थित सभी बैंकों के कर्मचारी व अधिकारी शामिल रहे।

# धरने पर डटे सोसाइटी के निवेशक, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** द लोनी अरबन स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिप्ट को-आपरेटिब सोसाइटी के निवेशकों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। आरोप है कि लगातार शिकायत के बाद भी शासन-प्रशासन सोसाइटी में डूबी रकम को वापस दिलवाने में लापरवाही दिखा रहा है। पीड़ितों ने जल्द रकम नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

बुधवार को पीड़ितों ने तहसील में पहुंचकर धरना दिया। कहा कि आज उन्हें धरने पर डटे हुए तीन दिन हो चुके हैं। लेकिन, कोई भी जिम्मेदारी अधिकारी उनसे मिलने तक नहीं पहुंचा। कहा कि संचालकों ने धनराशि दोगुना करने का लालच दिया।

जिससे लोगों ने कंपनी में करोड़ों रूपया जमा करवा दिया। करोड़ों रूपया जमा होने पर कंपनी संचालक फरार हो


कोटद्वार तहसील में प्रदर्शन करते ठगी के पीडित

गए। कहा कि कंपनी के इस कार्य से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ितों ने सरकार से मांग उठाई कि उनकी डूबी हुई रकम को वापस दिलवाने के लिए सख्ती दिखाई जानी चाहिए। यदि इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई गई तो वह आंदोलन को मजबूर होंगे।

# स्पॉन्सरशिप योजना में आवेदन करने के लिये किया प्रेरित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पाबौ ब्लॉक क्षेत्र में बाल श्रम उन्मूलन, पुनर्वास एवं संरक्षण को लेकर सघन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पाबौ बाजार सहित स्थानीय रेस्टोरेंट, सैलून, किराना, कपड़े की दुकानें, चौराहे, अन्य सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान जानकारी मिली कि कई बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं है। ऐसे बच्चों को चिन्हित करते हुए, उनके आधार बनाने की प्रक्रिया को शुरू करने के लिए संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही जिन बच्चों के आधार कार्ड अब तक नहीं बन पाए थे, उनके घरों का दौरा कर उनके परिवार की वर्तमान आर्थिक व सामाजिक स्थिति का गहन सर्वेक्षण किया गया।

जिला परिवीक्षा अधिकारी की नेतृत्व में जिला बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के संयुक्त तत्वावधान में अभियान चलाया गया। इस दौरान संभावित बाल श्रमिकों की संवेदनशील व गोपनीय तरीके से पहचान की गई व उनसे बातचीत कर उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि, कार्य स्थल की परिस्थितियों का विवरण एकत्र किया गया।

निरीक्षण में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि कई परिवार अत्यंत संकटग्रस्त व नाजुक परिस्थिति में जीवन-यापन कर रहे हैं। ऐसे परिवारों को बच्चों के पुनर्वास हेतु स्पॉन्सरशिप योजना में आवेदन करने के लिये प्रेरित करते हुए आधार पंजीकरण सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर बाल कल्याण समिति सदस्य सुनीता भट्ट, गंगोत्री नेगी, जिला बाल संरक्षण इकाई से पूजा असवाल, शिखा खरे, विशिष्ट दत्तक ग्रहण से राखी और पीआरडी जवान राजपाल सिंह मौजूद रहे।

# जंगली मशरूम खाने में बिगड़ी तबीयत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नेपाल के जिला सुरखेत के गांव सिम्हाना और लेखफर्सा से कई श्रमिक गुमखाल में रहकर होटल निर्माण में जुटे थे। श्रमिकों में से ही एक लाल बहादुर होटल के पीछे खाली स्थान पर उगी कुछ जंगली मशरूम तोड़कर ले आया था। सोमवार रात भोजन में वही जंगली मशरूम खाने से सात श्रमिकों की हालत बिगड़ गई थी। गांव सिम्हाना, जिला सुरखेत, नेपाल निवासी ललिता (42), सुमन बहादुर (17) और गांव लेखफर्सा, जिला सुरखेत, नेपाल निवासी धन बहादुर (53), लाल बहादुर (34), धनराज (42), धरम खत्री (52), बीरेंद्र व (56) को बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। समय रहते बेहतर उपचार मिलने से सभी श्रमिकों की जान बच गई। बुधवार को हालत में सुधार होने पर ललिता और सुमन बहादुर समेत तीन श्रमिकों को डिस्चार्ज कर दिया गया, जबकि चार श्रमिक दूसरे दिन भी भर्ती रहे।

# जनता का शोषण कर रही प्रदेश सरकार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार पर जनता के शोषण का आरोप लगाया है। कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, अपराध प्रदेश में लगातार बढ़ता जा रहा है। सत्ता में बैठे नेता केवल अपने निजी स्वार्थों को देख रहे हैं। कहा कि प्रदेश की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

बुधवार को पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत ने पत्रकारों से वार्ता की। कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने जनता से बड़े-बड़े वादें किए थे। लेकिन, सत्ता मिलते ही भाजपा अपने वादों को भूल गई। चार वर्षों में प्रदेश सरकार जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास करने में नाकाम रही है। कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं बढ़ी हैं। पर्वतीय राज्यों में बलात्कार की घटनाओं में प्रदेश पहले पायदान पर पहुंच गया है। कहा कि भाजपा सरकार का कार्यकाल घोटालों से भरा रहा। सरकार के कार्यकाल में पेपर लीक, भर्ती



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करती कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत

घोटाले हुए, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया। कठोर भू-कानून न बनने से पूरे पहाड़ पर भूमाफियाओं का कब्जा हो गया है। खननमाफियों पर भी कोई लगाम न लगने से नदी, नालों को खोखला कर दिया है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का भी बुरा हाल हो रखा है, चिकित्सालयों में न तो चिकित्सक है और न ही स्टाफ है, जिससे चिकित्सालय रेफर सेंटर बने हुए है। उन्होंने विधानसभा कोटद्वार की दुर्दशा के लिए भी प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि वर्तमान में पूरे विधानसभा की सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। कहा कि क्षेत्र में नशाखोरी का कारोबार फल फूल रहा है, जिसका सीधा असर युवा पीढी पर पड़ रहा है। इस मौके पर रमेश खंतवाल, गोपाल सिंह गुसांई, श्रीधर प्रसाद वेदवाल मौजूद रहे।

# घर पहुंच रहे सिलेंडर में नहीं होती पर्याप्त गैस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : वार्ड नंबर 31 के लोगों ने पदमपुर क्षेत्र में संचालित हो रही एक गैस एजेंसी पर उपभोक्तओं के अधिकारों के हनन का आरोप लगाया है। कहा कि एजेंसी की ओर से घर भेजे जा रहे सिलेंडर में पर्याप्त गैस नहीं होती। पूर्व में शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

बुधवार को वार्डवासी तहसील परिसर में पहुंचे। जहां उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। पार्षद सौरभ नौडियाल ने कहा कि पदमपुर में संचालित हो रही गैस एजेंसी से करीब तीस हजार से अधिक उपभोक्ता सिलेंडर


कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते वार्डवासी

गैस लेते हैं। लेकिन, पिछले लंबे समय से निर्धारित गैस से कम गैस सिलेंडर में भरकर घर-घर पहुंचाई जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। सबसे अधिक परेशानी गरीब व असहाय परिवार के उपभोक्ताओं को होती है। बताया कि पूर्व में एजेंसी के कर्मचारी का सिलेंडर से गैस निकालने का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद वार्डवासियों ने तहसील में प्रदर्शन भी किया। लेकिन, प्रशासन ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासी आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर पूर्व सैनिक जनार्दन बुडाकोटी, टीकाराम, पंकज नेगी, रविंद्र रावत, दीपक खत्री, जगदीश रावत, अजय रावत आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई से जनता परेशान : कांग्रेस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के चार साल के कार्यकाल को निराशाजनक बताया है। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि इन चार सालों में सरकार विकास कार्यों को करने में विफल रही है। कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई से जनता परेशान है। चारधाम यात्रा के संचालन में कई खामियां सामने आ रही है। बुधवार को पौड़ी में कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि इन चार सालों में प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता परेशान है। इन चार सालों में प्रदेश में महिलाओं के साथ कई दुष्कर्म की घटनाएं सामने आई, प्रदेश सरकार ने इन मामलों पर कोई कार्रवाई नहीं की। सरकार ने उपनल कर्मचारियों के साथ ही आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं को हताश करने का काम किया है। इस मौके पर कांग्रेस के नगराध्यक्ष भरत सिंह रावत, अनिल कुमार, उपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## इंटर कालेज भगोती का भवन खतरे की जद में, अनहोनी की आशंका

चमोली : श्रीगुरु राजकीय इण्टर कालेज भगोती का भवन भूस्खलन की जद में आने के कारण क्षतिग्रस्त होने के कगार पर है, जिसके चलते छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को अनहोनी की चिंता सता रही है। प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र आर्य ने इस बता दे कि विगत तीन जुलाई की रात्रि को छेत्र में भारी बारिश के चलते विद्यालय के कक्षा नो एवं दसवीं कक्षा के कक्षों का एक बड़ा हिस्सा भूस्खलन की जद में गया था। जो ढहने की कगार पर है, भवनों के नीचे पहाड़ी पर बड़े भू-भाग में भूस्खलन से लगातार हो रही बारिश से कभी भी बड़ी अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है। जिस कारण छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में नौनिहालों की सुरक्षा के साथ साथ शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा की चिंता बनी हुई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश चंद आर्य ने विद्यालय की स्थिति के संबंध में उपजिलाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, तहसील एव आपदा प्रबंधन कक्ष की लिखित में अवगत करा दिया है। प्रधानाचार्य ने पत्र में कहा है कि आए दिन बारिश के दौरान पठन–पाठन का काम करना डर के साए में गंभीर चुनौती बन गई है। पूर्व ग्राम प्रधान नवीन सिलोड़ी ने बताया कि भूस्खलन एव विद्यालय भवन की स्थिति को खतरा बना हुआ है,अभिभावक भी अपने पाल्यो को डर-डर कर स्कूल भेज रहे है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 89-DRM-MB-25-26 dt. 08.07.2025 |
| Name of work | Through fitting renewal of track under ADEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date / Time | 04.08.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 84,27,220.32 |
| Earnest Money (Rs.) | Rs. 1,68,600.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 |
| Bidding Start Date | 21.07.2025 |
| Period of Completion | 06 Month |

सं.: No.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 09.07.2025 2070/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# छात्रों को दी सशक्त करियर बनाने की जानकारी



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर के एवीएन स्कूल हल्दूखाता में छात्र-छात्राओं को सशक्त करियर बनाने के लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस एनएवीएस प्रो. (नेविगेशन टु लाइफ एंड प्रोफेशन) की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनकी छिपी हुई क्षमताओं की पहचान करवाना और उन्हें एक सशक्त करियर मार्ग पर अग्रसर करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की संचालिका अनुराधा नैथानी शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने छात्रों से संवाद किया। वैज्ञानिक डॉ. असीम भटनागर ने छात्रों को विज्ञान और नवाचार की भूमिका को समझाते हुए छात्रों में जिज्ञासा और खोज की भावना को प्रज्वलित किया। स्व-प्रेरणा वक्ता और एनएवीएस प्रो. के निदेशक अनुराग चंदोला ने आत्म-विश्लेषण, स्पष्ट दृष्टिकोण और जीवन में उद्देश्य की खोज करने की जानकारी दी। भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त मनोज कुमार मसंद ने अनुशासन, सेवा भाव और नेतृत्व के मूल्यों को साझा करते हुए छात्रों को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा दी। सिनेमैटोग्राफर हिरू केसवानी ने छात्रों के समक्ष रचनात्मकता, दृष्टिकोण और विजुअल स्टोरीटेलिंग की ताकत को उजागर किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर रजनीश शर्मा ने बताया कि आगामी नौ माह में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में आत्म-पहचान और मूल्यांकन सत्र, उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद, प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग, इंटरैक्टिव सेशन्स और फील्ड विजट्सि, व्यक्तिगत पोर्टफोलियो निर्माण और करियर मैपिंग से छात्रों को उनकी व्यक्तिगत क्षमताओं को पहचानने, निखारने और करियर की दिशा में सही निर्णय लेने में सहायता प्रदान करेगा।

# यूसीसी के तहत विवाह पंजीकरण 26 जुलाई तक होगा नि:शुल्क

### चमोली में यूसीसी के तहत 13 हजार 724 दम्पतियों ने कराया विवाह पंजीकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : उत्तराखंड में राज्य सरकार की ओर से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बीते 27 जनवरी 2025 से लागू की गई है। जिसके तहत 26 मार्च 2010 के बाद होने वाले विवाह का पंजीकरण अनिवार्य है।

जिसके लिए सरकार की ओर से पूर्व में 250 रुपए का पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया था। वर्तमान में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन की ओर से 27 जनवरी 2025 से पूर्व हुई शादियों का पंजीकरण आगामी 26 जुलाई 2025 तक कराने के लिए पंजीकरण शुल्क की अनिवार्यता पर रोक लगाई गई है।

चमोली जिले में वर्तमान तक यूसीसी के तहत 13 हजार 724 दम्पति की ओर से विवाह पंजीकरण किया गया है। जबकि 219 आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया गतिमान है तथा विभिन्न कारणों से 647 आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। वहीं जिले में विवाह विच्छेदन के 22 प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष 19 का पंजीकरण हो गया है। जबकि 3 आवेदन निरस्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व में पंजीकरण करवाने वाले दम्पतियों की ओर से किए गए 2527 आवेदनों में से 2407 का पंजीकरण हो चुका है। जबकि 47 आवेदन पर कार्रवाई गतिमान है तथा 65 आवेदन निरस्त किए गए हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि यूसीसी में विवाह व अन्य पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया डिजिटल है।

उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से आम लोगों की सुविधा के लिए आगामी 26 जुलाई 2025 तक पंजीकरण को शुल्क से मुक्त रखा गया है। जिलाधिकारी से आम जनता को सरकार की ओर प्रदत्त सुविधा का लाभ लेते हुए समय से पंजीकरण करवाने का आह्वान किया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए (एकल पैकेट प्रणाली) के अन्तर्गत खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है:–

| | |
|---|---|
| ई–निविदा एनआईटी संख्या | 17–विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./139–बी |

**कार्य का नाम व स्थान :** मुरादाबाद मण्डल के रोजा–सीतापुर सिटी खण्ड में रोजा में क्रास ओवर शिफ्टिंग, लखनऊ–मुरादाबादखण्ड में पीताम्बर पुर के कि.मी. 1288/17–19 परगेट सं0–352 सी के बदले आरओबी, सीतापुर के कि.मी. 78/130.201 पर गेट सं0–51 स्पेशल के बदले आरओबी, रोजा–सीतापुर सिटी खण्ड में डाउन मैन लाईन के कि.मी. 14/305.923 पर ब्रिज सं0 13 एवं सेक्शनिंग पोस्ट सीतापुर सिटी के विद्युतीकरण हेतु 25 हजार वोल्ट सिंगल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य।

| | |
|---|---|
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 1,87,73,215.60 |
| बयाना राशि जो जमा की जानी है (निविदा दस्तावेज के खण्ड 3.0 के अनुसार) | रुपए 2,43,900/– |
| ई–निविदा जमा करने एवं ई–निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 31.07.2025 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते है। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, निविदा दिनांक 31.07.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई–निविदा एवं निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 17.07.2025 से दिनांक 31.07.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई–निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपना ई–पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हे क्लास–III डिजीटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नही है), जो आई टी नियम–2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये है। केवल ई–निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी तथा किसी अन्य रूप में प्रस्तुत निविदाएं तुरन्त अस्वीकार कर दी जाएंगी। |

प्रपत्र सं0 17–विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./139–बी
दिनांक 09.07.2025 2068/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पेड न्यूज, विज्ञापन नुमा खबरें और मीडिया सर्वे भी निगरानी के दायरे में

### पंचायत चुनाव 2025 : प्रचार खर्च पर होगी कड़ी नजर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के तहत प्रचार-प्रसार में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत प्रत्याशियों के प्रचार खर्च, पेड न्यूज और मीडिया गतिविधियों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी प्रत्याशियों को अपने चुनाव प्रचार के दौरान किए गए खर्च का पूरा रिकॉर्ड रखना अनिवार्य है। यह खर्च निर्धारित प्रारूप में दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर प्रस्तुत करना होगा। सत्यापन के बाद यह तय होगा कि प्रचार में कितना खर्च हुआ है और क्या वह तय सीमा के भीतर है।

प्रत्याशियों द्वारा मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित पेड न्यूज (प्रायोजित समाचार), एडवर्टोरियल (विज्ञापन रूपी खबरें), इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सर्वे जैसे सभी प्रचार माध्यमों की गहन निगरानी की जाएगी। यदि किसी उम्मीदवार द्वारा इस तरह की सामग्री प्रसारित कराई जाती है, तो उसका मूल्यांकन कर उसे चुनाव खर्च में जोड़ा जाएगा। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों, मीडिया संस्थानों और सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया है कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करें और निष्पक्ष, पारदर्शी तथा शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

**मीडिया मॉनिटरिंग सेल कर रहा लगातार निगरानी**

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में मीडिया मॉनिटरिंग सेल समाचार पत्रों, टीवी चैनलों, सोशल मीडिया और अन्य प्रचार माध्यमों की सतत निगरानी कर रहा है। यदि किसी भी माध्यम से आचार संहिता का उल्लंघन या पेड न्यूज की पुष्टि होती है, तो उसकी रिपोर्ट तुरंत निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा अनुक्रमांक 218436 से राजकीय इंटर कॉलेज बुंगीधार, जिला पौड़ी गढ़वाल गढ़वाल से उत्तीर्ण की। मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र तथा प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये है, जो काफी खोजीबन के बावजूद भी नहीं मिले।

**मनवर सिंह पुत्र भवान सिंह निवासी ग्राम सासौ, पोस्ट मासौ, पट्टी चौथान, तहसील थलीसैंण, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

## संक्षिप्त समाचार

### प्रत्येक लाभार्थी तक आयुष्मान का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता : अरविंद सिंह ह्यांकी

देहरादून। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण व आयुष्मान/गोल्डन कार्ड सूचीबद्ध अस्पतालों की संयुक्त समीक्षा/समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक में ऑनलाइन पोर्टल से लेकर दावों के यथा समय निस्तारण, अमान्य दावे, रिव्यू आदि विभिन्न मसलों पर चर्चा हुई। योजना के बेहतर संचालन हेतु कई सुझाव भी प्रतिभागियों ने साझा किए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्राधिकरण के चेयरमैन श्री अरविंद सिंह ह्यांकी ने कहा कि आयुष्मान योजना का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचे, यह हम सबकी प्राथमिकता है। सदन में उपस्थित अस्पताल प्रतिनिधियों व ऑनलाइन जुड़े प्रतिनिधियों को बारी बारी से अपनी बात रखने का अवसर दिया गया। इस दौरान उन्होंने अपने अस्पताल की विशिष्ट समस्या के साथ साथ अस्पतालों की सामान्य समस्याओं पर ध्यानाकर्षण किया। चेयरमैन महोदय ने कहा कि एनएचए के ट्रांजिक्शन मैनेमेंट सिस्टम (टीएमएस) में समय समय पर आ रही तकनीकी कठिनाइयों तथा रिव्यू सम्बन्धी नई व्यवस्था के कारण अस्पतालों के आयुष्मान सम्बन्धी दावों के निस्तारण में कुछ समय लगा है, लेकिन अब इसे शीघ्रता से कराया जा रहा है। आयुष्मान के दावों का भुगतान 15 दिनों के अंदर करने का लक्ष्य रखकर ही कार्यवाही की जा रही है।

### दवा प्रतिनिधियों की यूनियनों ने बुलंद की आवाज

देहरादून। दवा प्रतिनिधियों की यूनियनों ने भी हड़ताल में शिरकत की और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन देहरादून इकाई ने 11 सूत्री मांगे रखी। डीएम को पीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अध्यक्ष अनिल पंवार, सचिव धनंजय पांडे, विनोद थापा, गौरव वर्मा वर्मा, पंकज जदली, हेमंत कुकरेती, मयंक गुप्ता, दीपक कंसवाल, सुरेशानंद, अख़लाक ख़ान, हासिम सिद्दीकी, अमित कटियार आदि मौजूद रहे। उधर, उत्तराखंड मेडिकल एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन के सदस्य भी शामिल हुए। एसोसिएशन प्रदेश महामंत्री एवं महानगर अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि एसोसिएशन से जुड़े सदस्य हड़ताल के लिए लामबंद दिखे। यूनियन के चकराता रोड स्थित कार्यालय में बारिश के बावजूद इक्ठे हुए और केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे चार लेबर कोड को अविलंब वापिस लेने की मांग की और जमकर नारेबाजी भी की। उत्तराखंड में लगभग 1500 मेडिकल एवं सेल्स प्रमोशन कर्मचारी ने अपने कार्य से विरत रहकर हड़ताल को पूर्ण सफल बनाया। उन्होंने विभिन्न अस्पतालों में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स के कार्य को रोकने को गैरकानूनी बताया और ऐसे आदेश को अविलंब वापिस लेने की मांग भी की। उन्होंने कंपनियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के इस्तेमाल द्वारा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स की निजता पर हमला करार दिया। इस दौरान कुलदीप कौल, जितेंद्र बिजलवान, लोकेश लोहनी, शैलेन्द्र नेगी, मिनेश उनियाल, अतुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

### निर्वाचन आयोग के सचिव ने अर्द्ध सत्य पेश किया : आर्य

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि पंचायत चुनाव में लगातार सरकार की मनमानी और तानाशाही के विषय संज्ञान में आ रहे है। इसी क्रम में उत्तराखंड निर्वाचन आयोग के सचिव की ओर से जारी पत्र दर्शाता है कि किस स्तर पर सरकार सरकारी मशीनरी एवं संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। बुधवार को मीडिया को जारी बयान में आर्य ने कहा कि अब नगर निकाय में मतदान कर चुके लोगों को पंचायत चुनावों में चुनाव लड़ने का अधिकार, उत्तरखंड निर्वाचन आयोग के सचिव की ओर से दे दिया गया है, जो कि उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम 2016 और उत्तराखंड पंचायत राज संशोधन अधिनियम 2019 का खुला उलंघन है।

आखिर उन्होंने यह सब किसके कहने पर किया, यह सवाल प्रदेश की जनता जानना चाहती है। उत्तराखंड निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय के वोटर रहे मतदाताओं के पंचायतों में चुनाव लड़ने का रास्ता खोलने के लिए उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम, 2016 की धारा 9(13),10 (ख) (1), 54 (3) और 91(3) का सहारा लिया है। ये धाराएं, किसी ग्राम पंचायत में दर्ज मतदाता को किसी भी स्तर के पंचायत चुनावों को लड़ने का अधिकार देती हैं, लेकिन इन धाराओं का हवाला देकर उत्तराखंड निर्वाचन आयोग के सचिव ने अर्द्ध सत्य का सहारा लिया है।

# कल्जीखाल ब्लॉक में एक बीडीसी और एक दर्जन प्रधान होंगे निर्विरोध निर्वाचित

### आठ पंचायत सदस्यों के आवेदन निरस्त, तीन पंचायत सदस्यों पर होगा चुनाव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल में एक दर्जन प्रधान निर्विरोध निर्वाचित होने का रास्ता साफ हो गया है, जबकि 01 क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वचित हुआ है। वही ग्राम पंचायत सदस्य के 70 आवेदनों में 56 पर पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो गए है। जबकि 3 पंचायत सदस्यों का चुनाव होना तय है।




विकासखंड कल्जीखाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 87 ग्राम पंचायतों में 216 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसमें 12 ग्राम पंचायत प्रधान निर्विरोध निर्वाचित होने जा रहे है, जबकि 23 क्षेत्र पंचायत सदस्य पदों पर 77 प्रत्याशियों नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिसमें 1 क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्विरोध होने जा रहा है। क्योंकि क्षेत्र पंचायत सीट नगर से अनुजाति पुरुष एक ही उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल किया था। वहीं 87 ग्राम पंचायतों में 609 पंचायत सदस्यों के लिए मात्र 70 ही पंचायत सदस्यों ने नामांकन किया है। जिसमें 56 निर्विरोध निर्वाचित होने जा रहे है। जबकि 8 पंचायत सदस्यों के आवेदन निरस्त हो गए और 3 पदों पर चुनाव होना है। क्षेत्रीय निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि नाम वापसी तक तस्वीर साफ हो जाएगी। चुनाव कार्यक्रम शांति पूर्वक सम्पन्न हो रहा है। नामांकन स्थल पर मुख्य प्रवेश द्वार पर प्रत्याक्षी के अलावा किसी को प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया शांति पूर्वक सम्पन्न करवाने अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की है।

### श्रमिक हितों के कुचल रही रही मोदी सरकार

नई टिहरी : अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन समन्वय समिति ने वर्षों पुराने श्रम कानूनों के स्थान पर लाए गए 4 श्रम कानूनों को रद्द करने, न्यूनतम वेतन 26 हजार करने समेत 8 सूत्री मांगों के निराकरण को लेकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान मोदी सरकार श्रमिक हितों के कुचलने का काम कर रही है। जिससे श्रमिकों की रोजी रोटी का खतरा मंडरा रहा है। बुधवार को ट्रेड यूनियन के संयोजक चिंतामणी थपलियाल, राजेश चमोली, श्रीपाल चौहान ने डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने ज्ञापन में केंद्र और राज्य सरकार के कर्मियों के लिए नई पेंशन योजना का रद कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, बैंक, बीमा, पोस्टल, रेलवे, बिजली समेत अन्य उपक्रमों के निजीकरण पर रोक लगाने, आंगनवाड़ी, आशा, भोजन माता को राज्य कर्मचारी घोषित करते हुए न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा, पेंशन का लाभ देने, बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने, गैस, पेट्रोल, डीजल के दामों को कम करने की मांग की।

# पुलिस ने दो नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

नई टिहरी : नशा और अवैध शराब के खिलाफ एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देशन में टिहरी पुलिस का धरपकड़ अभियान तेजी से संचालित किया जा रहा है। चंबा और नरेंद्रनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो नशा तस्करों को स्मैक और चरस के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों को कोर्ट के निर्देश पर जेल भेजा गया है। चंबा के थानाध्यक्ष दिलवर सिंह नेगी ने बताया कि बुधवार को थाना क्षेत्र में दया राम पुत्र मोहन लाल निवासी गैस प्लांट 2डी बीपुरम नई टिहरी को 10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 10 ग्राम स्मैक बरामद की है। जिसकी बाजार में कीमत 2 लाख रुपये आंकी गई है। बताया कि नशे के धंधे में लिप्त कई नशा तस्कर पुलिस की रडार पर हें। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि नशा तस्करों की सूचना पुलिस को उपलब्ध कराए। पुलिस टीम में एसआई रवि कुमार, एएसआई भरत कुमार, हेड कांस्टेबल रामचंद्र सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, रोहित, सुबोध नेगी और विजयपाल सिंह शामिल रहे। इधर, नरेंद्रनगर थाना पुलिस ने कांवड़ियो को चरस बेचकर अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर मे चरस की तस्करी करते मंगलवार शाम को आगराखाल में अभियुक्त नीरज बिष्ट पुत्र बलवंत सिंह निवासी ग्राम धौंत्री उत्तरकाशी को 110 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। एसएचओ संजय मिश्रा ने बताया कि कांवड़ यात्रा और पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस लगातार सघन चेकिंग अभियान चला रही है। बताया कि यह चरस वह कांवड़ मेले में कांवड़ियों को अधिक कीमत में बेचकर मुनाफा कमाने के लिए ले जा रहा था। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल संजय, राकेश शर्मा आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# भारी बारिश से अमृत गंगा पेयजल योजना को नुकसान

चमोली : भारी बारिश से चमोली जिले में मुश्किलें अभी भी कम नहीं हुई हैं। जिला मुख्यालय गोपेश्वर के बड़े इलाके को पेयजल आपूर्ति करने वाली अमृत गंगा पेयजल योजना को नुकसान पहुंचा है। इस योजना की पाइप लाइन से बूंद-बूंद ही पानी उपभोक्ताओं को मिल पा रहा है। लगभग 10 हजार से अधिक लोग पेयजल से जूझ रहे हैं। चमोली जिले के नन्दानगर में भी मंगलवार की रात्रि को हुई भारी बारिश से कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति ठप हो गई है। ग्रामीण पानी के लिए पुराने जल स्रोतों की ओर जा रहे हैं। पर वे जल स्रोत भी क्षतिग्रस्त हैं। बारिश और भूस्खलन की मुसीबत से जूझते चमोली जिले में बुधवार सुबह तक 25 लिंक मार्ग और ग्रामीण सड़कों पर मलवा आने से आवागमन प्रभावित हुआ है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दकिशोर जोशी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर अवरुद्ध सड़कों को खोले जाने का कार्य तेजी से जारी है मशीनों से सड़कों को खोला जा रहा है। जिला मुख्यालय समेत जिन भी क्षेत्रों में पेयजल योजना क्षतिग्रस्त हुई हैं उनको सुचारू करने के लिए जल संस्थान के कर्मचारी कार्य में जुटे हैं। मंगलवार को नन्दानगर के मोख, सेरा आदि गांवों में अतिवृष्टि से जो नुकसान हुआ उसके प्रभाव अब भी दिख रहे हैं। गांवों को विद्युत आपूर्ति करने वाले विद्युत लाइन पोल टूट गये हैं जिससे कई गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी है।

### अभिभावकों ने किया क्लस्टर विद्यालय में विलय करने का विरोध

नई टिहरी : नगर क्षेत्र में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज मोलधार, बालिका हाईस्कूल जे. ब्लॉक और राजकीय प्रताप इंटर कॉलेज बौराडी को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बौराड़ी में क्लस्टर विद्यालय के रूप में विलय करने का अभिभावकों ने कड़ा विरोध किया है। कहा कि जबरन ऐसा करने पर वह अपने बच्चों का दाखिला इन स्कूलों से हटा देंगे। बुधवार को जीआईसी मोलधार में क्लस्टर विद्यालय जीजीआईसी की प्रधानाचार्य श्वेता भद्री की अध्यक्षता में हितधारकों की बैठक की गई। उन्होंने अभिभावकों और छात्र-छात्राओं को क्लस्टर विद्यालय के लाभ गिनाए। कहा कि एक ही स्कूल में छात्रों को सभी शिक्षक और सुविधाएं मिलेंगी। उनका शैक्षिक उन्नयन होगा। वहीं जीआईसी मोलधार के अभिभावकों का कहना है कि यह विद्यालय उनकी और उनके पाल्यों की सुविधा के अनुसार बेहतर है। यहां पर शैक्षणिक माहौल भी बेहतर है। ऐसे में इस विद्यालय को यथावत रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जबरन इसे क्लस्टर विद्यालय में विलय किया गया तो वे अपने बच्चों को अन्यत्र भेजने पर मजबूर होंगे।

# अंतिम पंक्ति पर स्थित हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय पुनरीक्षण समन्वय समिति (डीएलआरसी) और आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने बैंकर्स को निर्देश दिए कि वे विभिन्न न्याय पंचायतों में शिविर लगाकर अधिक से अधिक इच्छुक एवं पात्र किसानों को केसीसी प्रदान कर योजनांतर्गत लाभान्वित करें। कहा कि अंतिम पंक्ति पर स्थित हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकों द्वारा लगाए गए वित्तीय साक्षरता शिविर, डिजिटल बैंकिंग, सीडी रेशियो, बैंकिंग सुविधाओं के साथ ही सरकार द्वारा प्रायोजित स्वरोजगार में ऋण आवंटित करने संबंधी जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी आपस में समन्वय बनाते हुए प्राप्त आवेदनों को लंबित न रखते हुए समय पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बैंकों से लोन आवंटन की टाइमलाइन को ज्यादा समय तक लंबित न रखने का सुझाव देते हुए इसे शीघ्र स्वीकृत या अस्वीकृत किए जाने के निर्देश दिए। अस्वीकृत करने की स्थिति में उसका आधार भी संबंधित विभाग को बताने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आरसेटी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बैंकों की वार्षिक ऋण योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए डाटा मिलान का विश्लेषण किया, जिन बैंकों का सीडी रेशियो कम है उन्हें कार्य योजना बनाकर ऋण जमा अनुपात में सुधार लाने के निर्देश दिए। डीमए ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अति सूक्ष्म (नैनो), वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं की गहनता के साथ समीक्षा की।



# लंबित वसूली मामलों में तेजी लाएं और तय समय में लक्ष्य प्राप्त करें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में बुधवार को माह जुलाई की मासिक बैठक जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में सम्पन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे लंबित वसूली मामलों में तेजी लाएं और तय समय सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करें। साथ ही उन्होंने राजस्व पुलिस से संबंधित मामलों में भी समुचित समन्वय बनाते हुए प्रभावी कार्यवाही करने को कहा। बैठक में राजस्व वसूली की प्रगति, राजस्व पुलिस से जुड़े मामलों की समीक्षा, संग्रह अमीन रिपोर्ट वाले प्रकरणों पर कार्यवाही तथा आपदा नियंत्रण व्यवस्था सहित विभिन्न प्रशासनिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संग्रह अमीन रिपोर्ट के आधार पर लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित मामलों पर तत्काल कार्यवाही की जाए ताकि वसूली और रिपोर्टिंग में पारदर्शिता बनी रहे। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आपसी समन्वय से कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। विभागीय तालमेल के अभाव में जनहित के कार्यों में देरी होती है, जिसे रोका जाना चाहिए। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करे। उन्होंने जनपद में प्लास्टिक पर प्रतिबंध के अभियान को और सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।



### कांवड़ यात्रा और पंचायत चुनाव को लेकर रहें सतर्क :अग्रवाल

नई टिहरी। एसएसपी आयुष अग्रवाल की अध्यक्षता में चंबा पुलिस लाइन में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। उन्होंने पुलिसकर्मियों को चारधाम, कांवड़ यात्रा सहित पंचायत चुनाव और प्राकृतिक आपदाओं की सम्भावनाओं को देखते हुए 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए। बुधवार को चंबा में आयोजित गोष्ठी में एसएसपी आयुष अग्रवाल ने पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी और उचित निराकरण का भरोसा दिया। पंचायत चुनाव के मध्यनजर सभी थाना प्रभारियों को निर्वाचन को प्रभावित करने वाली राजनीतिक गतिविधि पर पैनी नजर रखने और निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव संपादित करने के निर्देश दिए। ग्राम प्रहरी से समन्वय बनाएं और उन्हें नियमित रूप से बंद घरों की निगरानी करने के साथ ही कोई भी घटना होने पर तत्काल थाने पर सूचित करने को कहा जाए। फोरेंसिक यूनिट प्रभारी एसआई हेमलता ने फोरेंसिक टीम के साथ मिलकर क्राइम किट बॉक्स की जानकारी दी। जिसमें घटनास्थल निरीक्षण से लेकर पोक्सो के साक्ष्य संकलन के बारे में अवगत कराया। रविंद्र चौहान ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए संचालित अभियान के बारे में बताया।

# नगर की आंतरिक सड़कों को लोनिवि अपने नियंत्रण में ले

नई टिहरी : नगर पालिका क्षेत्र नई टिहरी में प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जलभराव का समाधान, गदेरों और नालों की सफाई, खस्ताहाल जर्जर पुश्तों की चेकिंग, मलबा डंपिंग जोन के लिए जगह के चयन पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने लोनिवि प्रांतीय खंड बौराड़ी के ईई योगेश कुमार को नगर क्षेत्र की आंतरिक सड़कों को अपने नियंत्रण में लेने के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बुधवार को नई टिहरी में आयोजित बैठक में नगर पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने बताया कि डंपिंग जोन के लिए ढुंगीधार में जगह चिन्हित की गई है। जिस पर डीएम ने एसडीएम सदर संदीप कुमार को संबंधितों विभागों के साथ संयुक्त रूप से जगह का निरीक्षण कर तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में पहुंचे विधायक किशोर उपाध्याय ने नई टिहरी में जलभराव की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने और जलभराव वाले स्थलों को चिन्हित करने को कहा। साथ ही नई टिहरी की दशा और दिशा सुधारने तथा सुनियोजित नगर बनने को लेकर पुनः बैठक आयोजित करने को कहा। डीएम ने जलभराव की समस्या पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोगों भवन निर्माण कार्यों के बाद शेष सामग्री को सड़क किनारे ही छोड़ दे रहे हैं। जिससे नालियां अक्सर चोक हो जाती है।

नगर पालिका को ऐसे लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई करने के भी डीएम ने निर्देश दिए। साथ ही जल निकासी के लिए एक्शन प्लान तैयार कर एसडीएम को इसकी निगरानी करने को कहा।

# डीएम बंसल ने ली शहरी पुर्नविकास, पार्क योजना के सम्बन्ध में बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में शहरी पुर्नविकास, पार्क योजना के सम्बन्ध में बैठक ली। इस दौरान एमडीडीए, स्मार्ट सिटी लि0 द्वारा तैयार किए गए प्लान को प्रजेंनशन के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। बैठक में मौहब्बेवाला से राजपुर रोड एवं धूलकोट से कुंआवाला कॉरिडोर योजना तथा शहर में संचालित नये आढत बाजार एवं इन्दिरा मार्केट रि–डेवलममेंट कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देशित किया कि विभागों में आपसी गैप न रहे इसके लिए एमडीडीए, नगर निगम, लोनिवि, यूपीसीएल, एनएच, पुलिस, परिवहन विभाग के आपसी समन्वय से व्यवहारिक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने शहर के 10 अति व्यस्ततम जंक्शन की डीपीआर तैयार करते हुए शासन को वित्तीय स्वीकृति हेतु इसी माह शासन को प्रेषित की जा रही है। आईएसबीटी कारगी मोड़ पर भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है जिसे शीघ्र ही शासन को प्रेषित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने पुलिस को निर्देशित किया क्रेन संख्या डबल करते हुए अनाधिकृत सड़कों पर पार्क वाहनों पर सीज करते हुए क्रेन से उठाकर रेंजर्स कालेज या काबुल हाउस लाएं। साथ आरटीओं पुलिस को निर्देशित किया कि पुनः परिवर्तन की कार्यवाही करते हुए आईएसबीटी पर अनाधिककृत रूप से सवारी उतारने चढाने वाले वाहनों को सीज करते हुए रेंजर्स वाहन तक घसीटे।

### प्रदर्शन कर आशाओं ने मांगा 26 हजार वेतन

देहरादून। ट्रेड यूनियन की हड़ताल में बुधवार को सीटू से जुड़ी आशाएं भी शामिल हुई। उन्होंने एकमुश्त 26 हजार रुपये वेतन समेत विभिन्न मांगों को उठाया और डीएम को ज्ञापन सौंपा। आशाओं के हड़ताल से डेंगू सर्वे, टीकाकरण आदि का कार्य प्रभावित हुआ। आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री यूनियन की प्रांतीय अध्यक्ष शिवा दूबे ने कहा कि चार श्रम कोड वापस लेने, आशाओं को न्यूनतम वेतन 26000 हजार करने, आशा वर्कर्स को राज्य कर्मचारी का दर्जा व न्यनूतम वेतन देने, रिटायरमेंट के समय पेंशन, अस्पताल में सम्मानजनक व्यवहार, ट्रेनिंग स्वास्थ्य विभाग स्वयं कराए और एनजीओ का हस्तक्षेप बंद होने, ट्रेनिंग का प्रतिदिन न्यूनतम 500 रूपये भुगतान करने, सभी बाकाया भुगतान करने, पेंशन का प्रावधान करने समेत विभिन्न मांगों को उठाया गया।

# कर्मचारी निर्वाचन प्रक्रिया को गंभीरता और सजगता से सम्पन्न कराएं

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में चल रहे प्रशिक्षण सत्र के दूसरे दिन बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को गंभीरता और सजगता से संपन्न कराया जाए। उन्होंने सभी कार्मिकों से निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करने और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपील की। प्रशिक्षण सत्र में प्रथम मतदान अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। मतपेटी की सीलिंग, मत पत्र लेखा, टेंडर वोट, अभिकर्ता नियुक्ति, मतदान केंद्र की व्यवस्था, मतदाता पर्ची और मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रशिक्षकों द्वारा दी गई। सत्र में कुल 920 कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव मानसून सत्र में हो रहे हैं, ऐसे में आपदा या बारिश की स्थिति में कर्मचारियों की सुरक्षा प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई कर्मचारी किसी इमरजेंसी परिस्थिति में है तो उसे चुनाव ड्यूटी में उचित राहत दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रैंडमाइजेशन प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर मतदान कार्मिकों को समय से ड्यूटी की जानकारी दे दी जाएगी, जिससे वे तैयारी के साथ निर्वाचन कार्य में भाग ले सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, प्रशिक्षक आत्म प्रकाश डिमरी, डीएस कंडेरी, जसवंत सिंह, डीएस रावत एवं केसी पंत भी उपस्थित रहे।



# जिले में कुपोषण की स्थिति सुधारने पर दिया जोर

### पोषण ट्रैकर समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में पोषण ट्रैकर ऐप की प्रगति हेतु जिलाधिकारी वीसी कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चिन्हित कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की संख्या, स्वास्थ्य स्थिति तथा सुधार के प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सीडीपीओ यह सुनिश्चित करें कि आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किए जा रहे संपूरक पोषण आहार की गुणवत्ता व मात्रा मानक अनुसार हो। उन्होंने कहा कि बाल विकास परियोजना अधिकारी स्वयं क्षेत्र भ्रमण कर आंगनबाड़ी केंद्रों की भौतिक स्थिति, कार्य संचालन, उपस्थिति रजिस्टर व गतिविधियों की निगरानी करें। डीएम ने निर्देश दिए कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के वजन व ऊंचाई की नियमित माप, संपूरक पोषण और आहार की गुणवत्ता की निरंतर निगरानी की जाए। इस दौरान सीडीपीओ जोशीमठ अभिजीत कुमार को मीटिंग में आवश्यक जानकारी न देने पर नाराजगी व्यक्त की और मीटिंग में पूर्ण तैयारी के साथ बैठने के निर्देश दिए।



# महानगर कांग्रेस ने सरकार की विफलताएं गिनाईं

देहरादून। महानगर कांग्रेस ने बुधवार को पत्रकार वार्ता कर सरकार की विफलताएं गिनाई। पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में महानगर अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चार साल के कार्यकाल को लेकर उनके अपने ही सांसद, विधायक और पदाधिकारी सवाल उठा रहे हैं। उनके ऐसे कई बयान आ चुके हैं। साफ है कि सरकार में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। महानगर अध्यक्ष गोगी ने कहा कि चार साल नाकामियों, जन विरोधी नीतियों और देवभूमि की अस्मिता पर हुए हमले के जाने जाएंगे। बेरोजगारी और पलायन में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जो सरकार के खोखले दावों की असलियत उजागर करती है। महिला अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इस कार्यकाल के दौरान सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। खनन और भू माफिया को संरक्षण के आरोप खुद भाजपा नेता लगा रहे हैं। उपनल, आशा और आंगनबाड़ी कर्मियों की उपेक्षा, पेंशन बहाली योजना को लेकर सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाती है। मलिन बस्तियों को दमन कर उजाड़ते हुए गरीबों को बेघर किया जा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा की स्थिति खराब है। पत्रकार वार्ता में दून के ड्रेनेज सिस्टम और स्मार्ट सिटी पर करोड़ों खर्चने के बाद भी स्थिति खराब है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि किन्नरों की बधाई दरों को सरकार की ओर से तय किया जाना चाहिए।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com